# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 11 फरवरी 2025






एशिया के सबसे बड़े एयर शो का बेंगलुरू में आगाज

रक्षामंत्री राजनाथ ने किया उद्घाटन

इस एयर शो की थीम है 'द रनवे टू ए बिलियन ऑपच्र्युनिटीज'

# वायुसेना ने दिखाया दम

*बेंगलुरु, कर्नाटक स्थित येलहंका एयरफोर्स स्टेशन में शुक्रवार से एयरो इंडिया 2025 की भव्य शुरुआत हो गई। इस प्रतिष्ठित एयर शो का उद्घाटन भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। इस मौके पर भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, थलसेना प्रमुख उपेन्द्र द्विवेदी, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, और कई देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी उपस्थित रहे। यह आयोजन एशिया का सबसे बड़ा एयरोस्पेस और डिफेंस प्रदर्शनी शो माना जाता है, जिसमें भारतीय वायुसेना और विभिन्न देशों के सैन्य विमान अपने अद्भुत प्रदर्शन से लोगों को रोमांचित कर रहे हैं। इस एयर शो की थीम 'द रनवे टू ए बिलियन ऑपच्र्युनिटीज' है।*



वायुसेना प्रमुख एपी सिंह और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने एलसीए तेजस लड़ाकू विमान के प्रशिक्षण संस्करण में उड़ान भरी।

## तेजस फाइटर जेट की धाक

*स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस ने अपने अद्भुत एयरोबैटिक्स से सभी को प्रभावित किया। यह हल्का लेकिन शक्तिशाली विमान भारतीय वायुसेना की ताकत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।*






## ये पराक्रम का महाकुंभ : राजनाथ

अपने संबोधन में राजनाथ ने इस एयर शो का पराक्रम का महाकुंभ करार देते हुए कहा, 'हमारे लिए भारतीय सुरक्षा या भारतीय शांति अलग-थलग नहीं है। सुरक्षा, स्थिरता और शांति साझा निर्माण हैं जो राष्ट्रीय सीमाओं से परे हैं। (एयरो इंडिया में) विदेशी देशों के हमारे मित्रों की मौजूदगी इस बात का सबूत है कि हमारे साझेदार एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य के हमारे दृष्टिकोण को साझा करते हैं।'





इंडिया गठबंधन की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने किया मोदी सरकार पर बड़ा हमला

# '14 करोड़ लोगों को नहीं मिल रहा मुफ्त राशन, अधिकारों से किया जा रहा वंचित'

**खास बातें**

- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का जिक्र कर लगाए आरोप
- जनगणना का मुद्दा भी उठाया, कहा- भारत के इतिहास पहली बार हुई है देरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और इंडिया गठबंधन की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने राज्यसभा में मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। सोनिया गांधी ने जल्द से जल्द जनगणना कराने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि इसलिए भी जनगणना जरूरी है ताकि सभी पात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा कानून के तहत लाभ मिल सके। सोनिया गांधी शून्यकाल के दौरान राज्यसभा में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा कोई विशेषाधिकार नहीं बल्कि नागरिकों का मौलिक अधिकार है। श्रीमती गांधी ने अपने भाषण के दौरान यूपीए सरकार की उपलब्धियों को भी गिनाया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम यूपीए सरकार द्वारा लाया गया था और इसका उद्देश्य 140 करोड़ आबादी के लिए पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना था। सोनिया ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम ने लाखों कमजोर परिवारों को भुखमरी से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान भी इसी अधिनियम ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को मदद दी।

### जनगणना में हुई 4 साल की देरी

सोनिया गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आजाद भारत के इतिहास पहली बार जनगणना में 4 साल की देरी हुई। उन्होंने कहा कि इसे 2021 में ही होना था लेकिन अभी तक भी स्थिति स्पष्ट नहीं है कि यह कब आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि बजट आवंटन से भी पता चलता है कि जनगणना इस साल भी कराए जाने की संभावना नहीं है। गांधी ने कहा कि 14 करोड़ भारतीयों को खाद्य सुरक्षा कानून के तहत उनके लाभों से वंचित किया जा रहा है। ऐसे में सरकार जल्द से जल्द जनगणना को पूरा करें और सुनिश्चित करें कि सभी पात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा कानून का लाभ हो।

## डिपोर्टेशन पर चिदंबरम ने जयशंकर को घेरा



राज्यसभा में सोमवार को बजट पर चर्चा के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने अमेरिका से भारतीयों के डिपोर्टेशन का मुद्दा उठाया। पी चिदंबरम ने एलन मस्क का भी जिक्र किया और डिपोर्टेशन को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर पर कई सवाल दागे। उन्होंने ये भी कहा कि विदेश मंत्री यहां खड़े होकर अमेरिकी एसओपी का बचाव कर रहे थे। उन्होंने सवाल किया कि क्या विदेश मंत्री ने अपनी अमेरिकी समकक्ष के सामने इसे लेकर विरोध दर्ज कराया, नहीं कराया तो क्यों? क्या विदेश मंत्री ने अमेरिकी विदेश मंत्री से बात कर ये ऑफर किया कि हम अपना विमान भेज रहे हैं?

### वित्त मंत्री किस तरह से ये दावा कर सकती हैं?

चिदंबरम ने बजट पर बोलते हुए कहा कि इसमें मध्यम वर्ग को टैक्स से राहत मिली है, इसका स्वागत करता हूं। इस बजट में अमीर और अमीरतम के लिए भी बहुत कुछ है। चिदंबरम ने 12 लाख तक की आय को करमुक्त किए जाने के कारण जनता ने एक लाख करोड़ रुपये बचने और ये पैसा उपभोग में इस्तेमाल होने के दावे, इसकी वजह से अर्थव्यवस्था को बूम मिलने के दावे पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री किस तरह से ये दावा कर सकती हैं कि ये एक लाख करोड़ रुपये सारा का सारा उपभोग पर ही खर्च होगा।

महिला एमएलए को भी मिल सकता है मौका!

# दिल्ली में चुने गए विधायकों में से ही होगा अगला मुख्यमंत्री!

## भाजपा के अंदरखाने में इसे लेकर चल रहा मंथन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी को बड़ी जीत मिली है और इस जीत के साथ राजधानी में मुख्यमंत्री के नाम की चर्चा जोरों पर है। इस बीच पता चला है कि अगला मुख्यमंत्री बीजेपी विधायकों में से ही होगा। सूत्रों की मानें तो बीजेपी किसी महिला विधायक को भी सीएम बना सकती है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने दो तिहाई बहुमत हासिल कर आम आदमी पार्टी को एक दशक बाद सत्ता से बाहर किया है। इस जीत के साथ ही अब इस बात पर ध्यान केंद्रित हो गया है कि दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। भाजपा के अंदरखाने में इसे लेकर मंथन भी चल रहा है। कई बड़े नाम इस पद के दावेदार माने जा रहे हैं।





### प्रवेश साहिब सिंह वर्मा

दिल्ली के पूर्व सीएम साहिब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने नई दिल्ली सीट पर आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल को हराकर भाजपा के लिए बड़ी जीत हासिल की। मसलन, नतीजे के दिन से ही उनके नाम की चर्चा तेज है, क्योंकि नई दिल्ली सीट से उन्होंने अरविंद केजरीवाल को हराया है जो आम आदमी पार्टी के लिए बड़ी हार साबित हुई।

### विजेंद्र गुप्ता

वरिष्ठ बीजेपी नेता विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली बीजेपी प्रमुख के रूप में काम किया है और लगातार रोहिणी से विधायक चुने जा रहे हैं, आप के प्रभुत्व के बावजूद 2015 और 2020 दोनों में जीत हासिल की थी। गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में भी काम किया।

### सतीश उपाध्याय

सतीश उपाध्याय को भाजपा का ब्राह्मण चेहरा माना जाता है, उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, दिल्ली युवा मोर्चा के प्रमुख और एनडीएमसी के उपाध्यक्ष के रूप में काम किया है। उनके पास प्रशासनिक अनुभव है और उन्होंने संगठन के भीतर कई जिम्मेदारियाँ संभाली हैं, मध्य प्रदेश के सह-प्रभारी थे और आरएसएस से करीबी संबंध माना जाता है।

### आशीष सूद

बीजेपी का पंजाबी चेहरा आशीष सूद पार्षद रह चुके हैं और दिल्ली बीजेपी के महासचिव भी रहे हैं। वे फिलहाल गोवा के प्रभारी और जम्मू-कश्मीर के सह-प्रभारी हैं। केंद्रीय नेताओं से उनके करीबी संबंध हैं और वे डीयू के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### जितेंद्र महाजन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के करीबी जितेंद्र महाजन वैश्य समुदाय से आते हैं। वे तीसरी बार विधायक बने और सरिता सिंह को हराकर रोहतास नगर सीट जीती है।

### बीजेपी की तरफ से चुनकर आईं ये महिलाएं!

*बीजेपी की तरफ से चार महिलाएं दिल्ली विधानसभा पहुंची हैं। इनमें रेखा गुप्ता, शिखा राय, पूनम शर्मा और नीलम पहलवान शामिल हैं।*

# बस के भीतर यात्रियों से की गई लूटपाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

■ नकाबपोश लुटेरों ने दिया घटना को अंजाम

यात्री बस में चाकू की नोक पर यात्रियों से लूटपाट का मामला सामने आया है। घटना महाराष्ट्र के नागपुर में हुई थी। जिसके बाद छत्तीसगढ़ पहुंचकर यात्रियों ने राजनांदगांव कोतवाली थाने के सामने बस रुकवाया और थाने पहुंचकर अपनी पीडा. बताई। छत्तीसगढ़ से मजदूर काम के सिलसिले में हैदराबाद गए हुए थे, जो मतदान के लिए अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान उन्होंने नागपुर पहुंचकर नागपुर से रायपुर तक के लिए जागीरदार ट्रैवल्स की बस में सवार हुए। नागपुर के बसस्टैड के समीप ही 6-7 लोग बस में चढ़े जिन्होंने रुमाल से अपना मुहं धक रखा। बस में चढे. इन लूटेरों ने चाकू की नोक पर यात्रियों से लूटपाट करते हुए उनसे रुपए छीन लिए वहीं कुछ यात्रियों से ऑनलाइन रुपए भी ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद लुटेरे बस से उतर गए। वहीं बस महाराष्ट्र के देवरी के समीप पहुंचने पर बस का कंडक्टर बस से पेट दर्द दे रहे का बहाना बनाकर उतर गया और बस मैं नहीं चढ़ा।

# रीडर सहित दो को तीन तीन साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

■ न्यायालय दस्तावेज में छेड़छाड़

न्यायालय में रीडर के पद पर कार्य करने वाले एक कर्मी सहित दो लोगों ने न्यायालय दस्तावेज में छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था जहां दोनों कर्मचारियों के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर तीन-तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक सीजीएम के न्यायालय में क्रिमिनल रीडर के पद पर पदस्थ मनोज देवांगन मुकेश यादव दोनों ने मिलकर न्यायालय दस्तावेज में छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया था और थानों में जब्त की गई हुए की रकम को फर्जी दस्तावेज के सहारे रकम को डकार लिया करते थे। मामला सामने आने पर शिकायत पुलिस से की गई थी, जिस पर पुलिस ने दोनों कर्मियों के खिलाफ तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। मामले को न्यायालय में पेश किया गया था, जहां जहां दोनों आरोपियों के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने तीन अलग-अलग मामलों में तीनों आरोपियों को तीन-तीन वर्ष की सजा से दंडित किया है।

## विवादों के बीच ममता ने छोड़ा महामंडलेश्वर पद

**नई दिल्ली।** पूर्व अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने विवादों के बीच आखिरकार किन्नर अखाड़े का महामंडलेश्वर पद छोड़ दिया है। इंस्टाग्राम पर वीडियो मैसेज जारी कर उन्होंने यह जानकारी दी। ममता ने कहा, आज किन्नर अखाड़े में मुझे लेकर विवाद है। उसके चलते इस्तीफा दे रही हूं। मैं 25 साल से साध्वी हूं और आगे भी साध्वी रहूंगी।

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## ऐसे बनती है यह स्याही

नेशनल फिजिकल लेबोरेटरी ऑफ इंडिया ने और ना ही मैसूर पेंट एंड वार्निश लिमिटेड ने इस स्याही के फॉर्मूले को सार्वजनिक किया है। एक बार ऐसी अफवाह उड़ी थी कि इस स्याही को बनाने में सुअर की चर्बी का प्रयोग किया जाता है, लेकिन इन अफवाहों को खारिज कर दिया गया। कुछ जानकारों के मुताबिक इस स्याही में सिल्वर नाइट्रेट का प्रयोग होता है। इससे अमिट स्याही फोटोसेंसिटिव प्रकृति की हो जाती है। इसके चलते यह स्याही कुछ ही देर में सूख जाती है।

- आज से दिखेंगे शहरी मतदाताओं की उंगलियों पर अमिट स्याही के निशान

### पंचायत चुनाव में 310 लीटर स्याही लगेगी

राज्य की पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव तीन चरणों में 17 से 23 फरवरी के बीच होंगे। इन चुनावों के लिए राज्य भर में 31 हजार 41 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस हिसाब से 62 हजार 82 शीशियां इस्तेमाल की जाएंगी। पांच एमएल के हिसाब से इन शीशियों में 310 लीटर स्याही लगेगी। निर्वाचन के जानकारों के मुताबिक दोनों चुनावों में विधानसभा से अधिक मतदान केंद्र और विधानसभा से काफी अधिक मात्रा में स्याही का उपयोग किया जाएगा।

*विधानसभा चुनाव से अधिक स्याही का उपयोग होगा स्थानीय चुनाव में*

# आपकी उंगलियों पर लगेगी 370 लीटर अमिट स्याही शहरों के लिए 12 हजार, पंचायतों के लिए 62 हजार शीशियां

जिया कुरैशी ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

छत्तीसगढ़ में चुनावी सीजन है। कल यानी मंगलवार को नगरीय निकाय के वोट डाले जाएंगे। पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव तीन चरणों में 17 से 23 फरवरी के बीच होंगे। जब आप वोट डालने जाते हैं तो ऊंगली पर स्याही लगाई जाती है। उसे कहते हैं अमिट स्याही। क्योंकि वह आसानी से मिटती नहीं है। आपको यह जानकार हैरानी होगी कि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में हमारी ऊंगलियों पर 370 लीटर स्याही लगाई जाएगी। इसमें से शहरी क्षेत्रों के मतदाताओं के लिए 60 लीटर और पंचायत चुनावों के वोटरों के लिए 310 लीटर स्याही का इस्तेमाल किया जाएगा। ▶▶|शेष पेज 3 पर



### निकाय में लगेंगी 11 हजार 940 शीशी

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के चुनाव के लिए इस बार 5 हजार 970 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस हिसाब से इसकी दोगुनी संख्या में अमिट स्याही की शीशियां मतदान दलों को दी जाएगी। इस हिसाब से कुल मिलाकर 11 हजार 940 शीशियां लगेंगी। एक शीशी में पांच एमएल के हिसाब से कुल मिलाकर करीब 60 लीटर स्याही का उपयोग होगा।

### अमिट स्याही का फार्मूला गुप्त

साल 1951-52 में पहली बार चुनाव हुए थे। उस चुनाव में कई लोगों ने किसी अन्य व्यक्ति के स्थान पर वोट डाल दिया तो कईयो ने एक से अधिक बार मतदान का प्रयोग किया। चुनाव आयोग के पास जब इस तरह की शिकायतें आईं, तो उसने इसका समाधान निकालने के विकल्पों पर विचार किया। चुनाव आयोग ने सोचा कि क्यों ना मतदाता की उंगली पर एक निशान बनाया जाए, जिससे यह पता लग सके कि वो वोट डाल चुका है। इसमें मुश्किल यह थी कि जिस स्याही का निशान बनाया जाए, वह अमिट होनी चाहिए। चुनाव आयोग ने इसके लिए नेशनल फिजिकल लेबोरेटरी ऑफ इंडिया से संपर्क किया। इसके बाद एनपीएल ने ऐसी अमिट स्याही तैयार की, जिसे ना तो पानी से और ना ही किसी केमिकल से हटाया जा सकता था। एनपीएल ने यह स्याही बनाने का ऑर्डर मैसूर पेंट एंड वार्निश कंपनी को दिया।

## 10 में से नौ निगमों में सीधा मुकाबला

*रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव के लिए प्रदेशभर में सोमवार को मतदान होगा। दस नगर निगमों में से 9 में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला नजर आ रहा है। एक नगर निगम धमतरी ऐसा है, जहां कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन ही रद्द हो जाने के कारण यहां कांग्रेस का कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं है।*



| निगम | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| रायपुर | मीनल चौबे | दीप्ति दुबे |
| जगदलपुर | संजय पांडे | मलकीत सिंह गैंदू |
| रायगढ़ | जीवर्धन चौहान | जानकी काटजू |
| राजनांदगांव | मधुसूदन यादव | निखिल द्विवेदी |
| कोरबा | संजू देवी राजपूत | उषा तिवारी |
| बिलासपुर | पूजा विधानी | प्रमोद नायक |
| अंबिकापुर | मंजूषा भगत | अजय तिर्की |
| दुर्ग | अलका बाघमार | प्रेमलता पोषण साहू |
| चिरमिरी | रामनरेश राय | विनय जायसवाल |

## चुनाव से पहले घमासान

*बिलासपुर में एक करोड़ रुपए की अंग्रेजी शराब पकड़ी गई है। कंटेनर में एक हजार पेटी शराब बरामद किया गया है। इसे गोवा से भूटान के लिए फर्जी परमिट पर भेजा जा रहा था।*

*बिलासपुर में ही भाजपा और कांग्रेसी आपस में भिड़ गए। रिक्शा में लगे एक दूसरे के बैनर पोस्टर तक फाड़े। मगरपारा में भाजपा और कांग्रेस की रैली हुई थी आमने सामने।*

*जगदलपुर में कांग्रेस नेता पर लगा पैसे बांटने का आरोप। सूत्रों के अनुसार राजेश राय को पुलिस ने किया गिरफ्तार। भाजपा ने शिकायत की थी कि कांग्रेसी पैसे बांट रहे हैं।*

*बिलासपुर में वोटरों को लुभाने की कोशिश.. भाजपा पार्षद प्रत्याशी श्याम कार्तिक पर पैसे बांटने का आरोप लगाया गया। यदुनंदन नगर की बीड़ी मजदूर कॉलोनी में रंगे हाथों पकड़े गए।*

*रायपुर में फायरिंग की घटना हुई। गोलबाजार में आपसी में विवाद में गोली चली। वहीं साड़ी बांटने और दस रुपए देकर उपहार लेने का आरोप एक निर्दलीय प्रत्याशी पर लगाया गया।*

*पेंड्रा में कांग्रेस प्रत्याशी ने खुद को छोड़कर विरोधी निर्दलीय प्रत्याशी के सुरक्षा की मांग की हैं। पंकज तिवारी ने अपने प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी राकेश जालान के लिए सुरक्षा मांगी।*

### बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव और जगदलपुर में महिला वोटर अधिक

# 10 नगरीय निकायों में महिला वोटर तय करेंगी उम्मीदवारों का भविष्य, राजनीतिक समीकरणों को करेंगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

दरअसल बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव और जगदलपुर में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। ऐसे में इस बार के निकाय चुनावों में महिलाओं की भागीदारी एक निर्णायक भूमिका निभा सकती है। निर्वाचन विभाग के मुताबिक नगरीय निकायों में 44,74,269 शहरी मतदाताओं में से 22,00,525 पुरुष, 22,73,232 महिला और 512 अन्य मतदाता हैं। ध्यान रहे कि इससे पहले वर्ष 2004 में हुए पहले नगरीय निकाय चुनाव में कुल 28 लाख 34 हजार 547 मतदाता थे। इसके साथ ही 2019 के निकाय चुनावों की तुलना में इस बार के मुकाबले पांच लाख मतदाता कम थे। इस साल 5 लाख मतदाता जोड़े गए। यह वोटर भी निर्णायक की भूमिका अदा कर सकते हैं।

*प्रदेश के नगरीय निकाय चुनाव में इस बार महिला मतदाताओं की निर्णायक भूमिका रहेगी। दरअसल छत्तीसगढ़ के 14 नगर निगमों में से दस में चुनाव होने हैं, इसमें से आठ में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा है।*

| | |
|---|---|
| 44,74,269 | कुल शहरी मतदाता |
| 22,00,525 | पुरुष मतदाता |
| 22,73,232 | महिला मतदाता |
| 512 | अन्य मतदाता |

**मतदाताओं की संख्या**

| नगर निगम | पुरुष | महिला | कुल |
|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 251322 | 254771 | 506161 |
| रायपुर | 515301 | 520524 | 1036079 |
| रायगढ़ | 70387 | 70445 | 140849 |
| अंबिकापुर | 59644 | 61800 | 121454 |
| दुर्ग | 116032 | 121897 | 237955 |
| कोरबा | 133662 | 133418 | 267013 |

**पिछले चुनाव में पुरुष वोटर अधिक**

गौरतलब है कि पिछले चुनाव में पुरुष मतदाताओं की संख्या महिलाओं से अधिक थी, लेकिन इस बार यह स्थिति उलट गई है। रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव और जगदलपुर में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। हालांकि कोरबा और चिरमिरी नगरपालिक निगम में पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या कम है। चुनावी विश्लेषकों का मानना है कि महिला मतदाताओं की बढ़ती संख्या राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित कर सकती है। आमतौर पर महिलाएं मतदान के प्रति अधिक गंभीर रहती हैं और उनका मतदान प्रतिशत पुरुषों की तुलना में अधिक रहता है। ऐसे में इस बार के निकाय चुनावों में महिलाओं की भागीदारी एक निर्णायक भूमिका निभा सकती है।



**गैरदलीय आधार पर होगा चुनाव**

इसी तरह प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 433, जनपद पंचायत सदस्य के 2973, ग्राम पंचायत (सरपंच) के 11,672 और वार्ड (पंच) के 1,60,180 पदों के लिए मतदान कराए जाएंगे। नगरीय निकायों के निर्वाचन दलीय आधार पर होंगे। वहीं, त्रिस्तरीय पंचायतों का निर्वाचन गैरदलीय आधार पर होंगे। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान 17, 20 और 23 फरवरी और मतगणना 18, 21, 24 को होगी।

### मतदान करने लिए मिलेगी छुट्टी

प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए सार्वजनिक अवकाश रहेगा। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इस संबंध में पहले ही आदेश जारी किया जा चुका है। इसमें कहा गया है कि 11, 17 और 20 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। यह अवकाश उन क्षेत्रों में लागू होगा जहां मतदान होना है। इसमें यह भी स्पष्ट किया गया है कि 23 फरवरी को भी मतदान होना है। हालांकि इस दिन रविवार है, इसलिए अलग से सामान्य अवकाश की घोषणा नहीं की गई है।

# दो बार बटन दबाएं आवाज आने पर समझिए चुन लिया अपना प्रत्याशी

**पर्ची और पहचान पत्र ले जाना न भूलें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव के लिए कल मंगलवार को मतदान होना है, इसके लिए मतदान सामग्री के साथ मतदान दल अपने अपने मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए। प्रदेश में 10 नगर निगमों, 49 नगर पालिका परिषद और 114 नगर पंचायतों सहित 173 निकायों में एक चरण में चुनाव हो रहे हैं। चुनाव में मतदाता ईवीएम के जरिए एक साथ महापौर, अध्यक्ष और ▶▶|शेष पेज 3 पर

- 10 नगर निगम, 49 नगर पालिका परिषद, 114 नगर पंचायतों में आज चुनाव

### 173 निकायों में मतदान

10 नगर निगम, 49 नगर पालिका परिषद और 114 नगर पंचायतों के लिए मतदान होना है। 15 फरवरी को मतगणना के साथ नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। 10 नगर निगमों में जगदलपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, धमतरी, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, अंबिकापुर और चिरमिरी शामिल हैं। नगर पालिकाओं के लिए कुल मतदान केंद्र 5970, जिनमें से 1531 संवेदनशील और 132 अति संवेदनशील हैं।

### सफेद और गुलाबी रंग की पट्टी

ईवीएम मशीन के जरिए मतदान कराया जाएगा। एक ही ईवीएम में आधे में मेयर पद के उम्मीदवारों के नाम सफेद रंग के पट्टी में होंगे और फिर नीचे पार्षद प्रत्याशियों के नाम गुलाबी रंग के पट्टी पर छपे होंगे। उनके नाम के सामने का बटन दबाकर आप वोट कर सकते है, लेकिन अगर किसी को एक ही वोट देना है तो वो अगले पद के लिए नोटा का बटन दबा सकता है। अगर नोटा भी नहीं चुनना है तो मशीन के अंत में एंड का बटन दिया गया है। एक वोट देने के बाद एंड का बटन दबा सकते हैं, इनमे से कोई भी दो बटन प्रेस करने पर ही लंबी बीप सुनाई देगी जिससे पता चलता है की मतदान हो गया है।

# मारे गए पांच नक्सलियों पर था 25 लाख का इनाम, 26 की कुंडली खंगाली जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप

नक्सलियों के लिए नेशनल पार्क इलाका संगठन का सेफ जोन माना जाता रहा है। इसी सेफ जोन में संयुक्त सुरक्षाबल में शामिल 600 से अधिक जवानों ने आपरेशन कर 11 महिला समेत 31 नक्सलियों को मार गिराया था। इस आपरेशन में अहम भूमिका महिला कमाण्डो की भी रही। आपरेशन में डीआरजी व बस्तर फाइटर्स की 4 टीमों की लगभग 200 महिला कमाण्डो शामिल थीं। 9 फरवरी की देर शाम चौपर से केवल महिला कमांडोज की वापसी संभव हो पाई। इसके बाद 10 फरवरी को ऑपरेशन में शामिल बाकी जवानों की वापसी का सिलसिला शुरू हुआ। इस ऑपरेशन में महिला कमांडोज को भी शामिल किया गया था। महिला कमांडोज में वे भी शामिल है जो कभी नक्सल संगठन में थी, जो सरेंडर के बाद मुख्यधारा में जुड़कर नक्सलवाद के खिलाफ पुरूष जवानों के साथ नक्सलियों का डंटकर मुकाबला कर रही हैं।

उल्लेखनीय है कि बीजापुर जिले का नेशनल पार्क का इलाका बीते 4 दशक से नक्सलियों की पश्चिम डिविजनल कमेटी के प्रभाव में है। यह इलाका ना सिर्फ नक्सलियों का सेफ जोन कहलाता था ▶▶|शेष पेज 3 पर



बीजापुर में शहीद जवानों को सोमवार को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद शहीद जवानों के शवों को डीजीपी डीजीपी अरुण देव गौतम समेत अधिकारियों ने कांधा देकर चौपर से उनके गृहग्राम बलौदाबाजार और डौंडीलोहरा के लिए रवाना किया।

**खास बातें**

- नेशनल पार्क मुठभेड़ में महिला कमांडो की थी अहम भूमिका
- डीआरजी व बस्तर फाइटर्स की 200 महिला कमांडो हुईं शामिल
- नक्सलियों के रेस्ट के लिए नहीं बची जगह, जल्द नक्सलियों का होगा खात्मा : डीजीपी

### डीजीपी पहुंचे आईजी ने बताई एनकाउंटर की दास्तां

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि जहां मुठभेड़ हुई वहां नेशनल पार्क एरिया कमेटी के एससीमए बुचन्ना, एसीएम कृष्णा, एसीएम अजीत के साथ 40 से 45 माओवादियों की मौजूदगी की सूचना थी। 9 फरवरी की सुबह करीब 8 बजे जवानों ने नक्सलियों की घेराबंदी शुरू की। जिसके बाद दोनों ▶▶|शेष पेज 3 पर



मंगु हेमला | रमेश | सन्नू | सुभाष ओयाम | हुंगा कर्मा

### 8 लाख का ईनामी हुंगा कर्मा शामिल

मुठभेड़ में मारे गए 31 नक्सलियों में 5 की शिनाख्त हो चुकी है। इनमें पश्चिम बस्तर डिविजनल कमेटी का डीव्हीसीएम 8 लाख का ईनामी हुंगा कर्मा मारा गया है जो नेशनल पार्क इलाके का सरगना कहलाता था। हुंगा के अलावा पीपीसीएम प्लाटून नंबर 11 का कमाण्डर 5 लाख का ईनामी मंगु हेमला, नेशनल पार्क एरिया ▶▶|शेष पेज 3 पर

### फारवर्ड ऑपरेटिंग बेस का खुलासा नहीं

इधर, सोमवार को बीजापुर में पत्रकारों से चर्चा में आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि मुठभेड़ में जवानों ने न सिर्फ बड़ी संख्या में नक्सलियों को ढेर किया है बल्कि एके 47, एसएलआर, इंसास रायफल, थ्री नॉट थ्री राकेट लांचर, बीजीएल जैसे अत्याधुनिक हथियारों के अलावा भारी मात्रा में विस्फोटक भी बरामद हुए हैं।

*नेशनल फ्रॉड यूनिट से मिली फाल्स क्लेम ट्रिगर की जानकारी*

# निजी अस्पतालों में सर्जिकल स्ट्राइक, फर्जीवाड़े में 23 आयुष्मान योजना से निलंबित, पांच को वार्निंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

मरीजों के निशुल्क इलाज में गलत पैकेज का इस्तेमाल कर ज्यादा लाभ कमाने का खेल निजी अस्पतालों में धड़ल्ले से चल रहा है। आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले राज्यों में छत्तीसगढ़ भी शामिल है। नेशनल फ्रॉड यूनिट से मिली फाल्स क्लेम ट्रिगर की जानकारी के आधार पर जांच के बाद राज्य के 23 अस्पतालों ▶▶|शेष पेज 3 पर

- रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर के 28 अस्पतालों में पहुंची जांच टीम

### छापेमारी लीक होने का डर

निजी अस्पतालों की जांच में स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा पूरी गोपनीयता बरती गई, क्योंकि छापेमारी लीक होने का डर था। राज्य एवं जिला स्तर के अधिकारियों को बिना जानकारी के नवा रायपुर स्थित मुख्यालय बुलाया गया। तीनों जिलों के लिए अलग-अलग कई टीमें बनाई गईं और प्रत्येक को दो अस्पतालों की जांच का जिम्मा देकर रवाना किया गया। अस्पताल पहुंचकर टीम ने दस्तावेजों की जांचकर जानकारी जुटाई।

### फर्जीवाड़े में धरे गए यह अस्पताल

**रायपुर:** कान्हा चिल्ड्रन हास्पिटल 1 साल, आरोग्य हास्पिटल तीन माह, अग्रवाल हास्पिटल 1 साल, अशोका सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल वार्निंग लेटर, गुडविल हास्पिटल 1 साल, मातृ स्मृति हास्पिटल 6 माह, मोर हास्पिटल 1 साल, रामकथा हास्पिटल एक साल, श्री श्याम मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल 1 साल, हार्ट इंस्टीट्यूट एवं आ ईवीएफ सेंटर 1 साल के लिए योजना से निलंबित किए गए हैं। इसके अलावा तीन बड़े अस्पताल भी फर्जीवाड़े में लिप्त पाए गए हैं।

**बिलासपुर:** महादेव हास्पिटल 1 साल, आराध्य हास्पिटल 3 माह, जुनेजा आई हास्पिटल 3 माह, मार्क हास्पिटल 1 साल, नोबेल मेडिकेयर 1 साल, शिवशक्ति हास्पिटल 3 माह, श्री मंगला हास्पिटल 1 साल, श्री कृष्णा हास्पिटल, 1 साल, श्री साई हास्पिटल 6 माह तथा श्री शिशु भवन हास्पिटल को वार्निंग लेटर जारी किया गया है।

**दुर्ग:** प्लस हास्पिटल, 6 माह, एसआर हास्पिटल 1 साल, यशोदानंदन चिल्ड्रन हास्पिटल को वार्निंग लेटर जारी किया गया है। दुर्ग में भी कई बड़े अस्पतालों में गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं।

### भानुप्रतापपुर कन्हारगांव नाका के पास फंस गए थे भोजराज नाग

# जाम में फंसे सांसद नाग ने खोया आपा, आईपीएस और एसडीओपी पर बरसे, आरक्षक से कहा- तुम वसूली करते हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

जिले के भानुप्रतापुपर तहसील मुख्यालय के पास कन्हारगांव वनोपज नाका के पास रविवार 09 फरवरी को रात्रि 8 बजे सांसद भोजराज नाग जाम में फंस गए। जाम को बहाल करने वाले आरक्षक पर सांसद जमकर बरसे। कहा तुम वसूली में मस्त रहते हो। वीआईपी जाम में फंसा रहता है। तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही कराऊंगा। ▶▶|शेष पेज 3 पर

**कहा- पुलिस वसूली में मस्त रहती है, जाम में वीआईपी फंसते हैं**

### सांसद ने कहा मुझे एक घंटे रोककर रखा

पत्रकारों से बात करते हुए सांसद भोजराज नाग ने कहा मैं अंतागढ़ से कांकेर जा रहा था। भानुप्रतापपुर नाका के पास माइंस की बड़ी बड़ी गाड़ियों ने मुझे एक घंटे रोककर रखा रहा। मुझे जेड श्रेणी सुरक्षा है, यहां के ▶▶|शेष पेज 3 पर



### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पहुंचे

इसके बाद आनन फानन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप पटेल और एसडीओपी भी पहुंचे, यहाँ भी सांसद शांत नहीं हुए, यहां भी पुलिस पर जमकर बरसे और थाना प्रभारी पर कार्यवाही करने ▶▶|शेष पेज 3 पर



# ग्रामीण/शहरी रणभूमि

### भाजपा सरकार की नाकामी बड़ा चुनावी मुद्दा: बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रदेश की जनता सभी निकाय चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेगी। कांग्रेस पार्टी ने पूरे प्रदेश के सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों पूरी आक्रमकता से अपना चुनाव अभियान चलाया। पिछले 1 साल में भाजपा की साय सरकार जनता की उम्मीदों पर विफल साबित हो चुकी है। सरकार से युवा, किसान, महिला, मजदूर, विद्यार्थी, अनुसूचित जाति, जनजाति हर वर्ग के लोग निराश है।





### भाजपा के पक्ष में सकारात्मक वातावरण: किरण

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, विधानसभा और लोकसभा चुनावों के बाद छत्तीसगढ़ की जनता नगरीय निकायों के लिए मतदान करके कांग्रेस को फिर एक बार उसके भ्रष्टाचार और कुशासन के लिए कड़ा सबक देने जा रही है। नगरीय निकायों पर सालों से काबिज रहे कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों की नकारात्मक राजनीति से जनता-जनार्दन में काफी आक्रोश है और इससे पूरे प्रदेश में भाजपा के पक्ष में है।



## अहिवारा पालिका

**भिलाई ।** अहिवारा पालिका शहर सरकार के मुखिया के चुनाव को लेकर इस समय कांटे की टक्कर के हालात हैं। पिछले चुनाव में 15 वार्डों वाले अहिवारा पालिका में भाजपा के 10 और कांग्रेस के 5 समर्थित पार्षद चुनाव जीतकर आए थे। वर्तमान में कांग्रेस ने युवा चेहरे को मौका दिया है। कांग्रेस ने भुवन साहू को अध्यक्ष का प्रत्याशी बनाया है। वहीं भाजपा ने नटवर ताम्रकार को दोबारा प्रत्याशी के रूप में उतारा है। इस प्रकार भाजपा ने नटवर के रूप में अनुभवी को मौका दिया है। वहीं कांग्रेस ने युवा चेहरे भुवन साहू पर दांव खेला है। इसके कारण अध्यक्ष का चुनाव काफी दिलचस्प हो गया है। दोनों प्रत्याशियों में कांटे की टक्कर है। दोनों प्रत्याशियों ने ताल ढोक दी है। युद्ध स्तर पर प्रचार-शुरू कर दिया है। दोनों ही प्रत्याशियों को राजनीति का लंबा अनुभव है। नटवर जहां संगठन के कई पदों में काम कर चुके हैं। वहीं भुवन युवा कांग्रेस में सक्रिय रहे हैं। नटवर मोदी गारंटी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन और अपने पांच सालों में किए गए कामों को लेकर मैदान में हैं। वहीं भुवन शिक्षित बेरोजगारों का रोजगार दिलाने, महिला सशक्तिकरण और पांच साल में भाजपा की नाकामियों को उजागर करते हुए जनता के बीच पहुंच रहे हैं।

# अहिवारा में कांटे की टक्कर, भाजपा ने अनुभवी तो कांग्रेस ने युवा चेहरे को मैदान में उतारा

### मोदी गारंटी और विष्णुदेव के सुशासन पर जनता करेगी वोट: नटवर

### अहंकार के खिलाफ मतदाता करेंगे वोट : भुवन

**आमने सामने**

**सवाल** – एक मेयर के रूप में आपकी प्राथमिकताएं क्या हैं? यदि आप जीतते हैं तो कौन-कौन से काम प्रमुखता से कराना चाहेंगे ?

**नटवर ताम्रकार :** जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगा। सुंदर मंगल भवन, खेल मैदान, कोचिंग सेंटर, बेरोजगारों के लिए रोजगार, महिलाओं को रोजगार से जोड़ना मेरी प्राथमिकता रहेगी। इसके अलावा मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए मैं प्रयास करुंगा।

**भुवन साहू :** मैं युवा राजनीति से 10 सालों से जुड़ा हूं। रोजगार के लिए प्रतिबद्ध हूं। 15 से 20 प्लांट हैं, जहां स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार दिलाना मेरी प्राथमिकता है। सड़क, बिजली, पानी, सफाई के साथ सुंदर शहर की परिकल्पना मैंने की है। मैं हर वार्ड में एक शिकायत पेटी रखवाऊंगा, जिससे हर समस्या का त्वरित निराकरण हो सके।

**सवाल** – जनता आखिर आपको ही वोट क्यों दे ?



**नटवर ताम्रकार :** अहिवारा की जनता ने पिछले पांच सालों में मेरा काम देखा है। मुझे उम्मीद है कि मोदी गारंटी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन और महतारी वंदन में हर महीने मिल रहे एक हजार रुपए की वजह से जनता मुझे वोट करेगी।

**भुवन साहू :** मैंने लगातार 10 साल तक युवा कांग्रेस की राजनीति की है। जनता के मुद्दों को उठाया है। मेरी पत्नी में पार्षद रहीं हैं। मेरे वार्ड के लोगों ने मेरा काम देखा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में अहिवारा में बहुत से काम हुए हैं। मैं युवा हूं, इसलिए ज्यादा बेहतर तरीके से काम करुंगा। इसके अलावा पूर्व अध्यक्ष अहंकारी हैं, जनता उनसे त्रस्त है।



**सवाल :** शहर विकास के साथ ही आउटर में अवैध कॉलोनियां बस गई हैं, अवैध प्लॉटिंग के मामले हर तरफ सामने आ रहे हैं, इससे कैसे निपटेंगी।

**नटवर ताम्रकार :** वैसे तो अहिवारा में अवैध बसाहट जैसी बात नहीं है, लेकिन हर वार्ड में समुचित विकास, मूलभूत जरूरतों को पूरा कराना मेरी प्राथमिकता रही है। आगे भी सड़क, पानी, बिजली को लेकर वे गंभीर रहेंगे।

**भुवन साहू :** हम किसी का घर नहीं उजाड़ेंगे, यदि कोई दिक्कत है, तो बात की जाएगी। उन्हें सरकारी योजनाओं के तहत पक्का मकान दिलाया जाएगा। नया अतिक्रमण होने पर जरूर कार्रवाई होनी चाहिए।

**सवाल** – सफाई और पेयजल हमेशा से बड़ा मुद्दा रहा है, इससे कैसे निपटेंगे। यह एक बड़ी समस्या है।

**नटवर ताम्रकार :** सफाई को लेकर दिक्कत सिर्फ कर्मचारियों की कमी को लेकर है। पहले शहर में 100 नालियां थी, आज 1000 से ज्यादा हो चुकी हैं, लेकिन स्टाफ उतना ही है। इसके लिए दिल्ली के 16वें वित्त आयोग से राशि की मांग की जाएगी।

**भुवन साहू :** मैं इन समस्याओं से परिचित हूं, हर स्तर पर इसके समाधान की दिशा में काम किया जाएगा। शहर की जनता को साफ पानी उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता में है। सफाई को लेकर भी युद्ध स्तर पर प्रयास किए जाएंगे।

## रोचक खबरें

# 1964 में दीये की रोशनी से फैला था नगर पालिका धमतरी में उजियारा

**धमतरी।** धमतरी नगरपालिका को बने 145 वर्ष हो गए हैं। 15 साल पहले धमतरी नगर निगम बना है। आज धमतरी नगर निगम में चुनाव का माहौल बना हुआ है। चारों तरफ सभी पार्टियों का प्रचार- प्रसार चल रहा है। पर यह माहौल आज से 61 साल पहले चुनाव में देखने नहीं मिलता था। न तो बैनर पोस्टर थे न शोरगुल, लोग डोर टू डोर पाम्पलेट छपवाकर व्यक्तिगत प्रचार कर चुनावी माहौल बनाते थे।

धमतरी के साहू बाड़ा निवासी 65 वर्षीय शिवाजी साहू ने हरिभूमि से 1963-64 के चुनावी माहौल के बारे में चर्चा की। श्री साहू ने बताया कि उस समय नगरपालिका धमतरी में सिर्फ 14 वार्ड थे। उस चुनाव में भारतीय जनसंघ और कांग्रेस के बीच टक्कर हुआ करता था। एक निर्दलीय झाड़ छाप चुनाव में खड़ा हुआ था। उस चुनाव में 14 के 14 पार्षद जनसंघ के चुनकर आए थे। उनमें से जनसंघ के हनुमान प्रसाद मिश्रा अध्यक्ष चुने गए थे। पार्षदों के साथ कृपाराम साहू और गजराज जैन को एल्डरमेन बनाया गया था। उन्हीं के कार्यकाल में मराठापारा में बाबू पंढरीराव कृदत्त के निवास स्थान चौक से सदर बाजार के बीच वाली सड़क का सीमेंटीकरण किया गया था। उन्हीं के कार्यकाल में एसीसी सीमेंट कंपनी ने अपने खर्च पर मॉडल के रूप में सदर में मुरूम सड़क का पहली बार सीमेंटीकरण करवाया था।

### 14 वार्ड में 14 जनसंघी जीतकर पहुंचे थे पालिका



### भाजपा के दिग्गज नेता धमतरी में महीनों रुकते थे

श्री साहू ने बताया कि उनके भाई कृपाराम साहू भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य हैं। उस समय कृपाराम साहू के घर में देश प्रदेश के दिग्गज जनसंघी नेता आकर महीनों रुकते थे। इनमें पहला नाम भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी थे। वे एक- एक महीने तक उनके घर पर रुककर धमतरी सहित आसपास के क्षेत्र में जनसंघ का प्रचार करते थे। उनके लिए एक मोटरसाइकिल रखते थे। उसी में वे घूम-घूमकर प्रचार करते थे। जहां पर मोटर साइकिल नहीं जा पाती थी वहां वे साइकिल से या पैदल जाते थे। इसी तरह मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा, कैलाश जोशी भी जनसंघ और भाजपा का प्रचार करने साहू बाड़ा में रुकते थे।

# राज्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के अंतर्गत मतदान पूर्व तैयारियों का जायजा लेने एक दिवसीय प्रवास पर बिलासपुर और रायगढ़ पहुंचे । यहां बनाए गए स्ट्रांग रूम में अधिकारियों की बैठक लेकर मतदान की तैयारियों की समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। स्ट्रांग रूम का बारीकी से जायजा लिया। निर्वाचन आयुक्त ने जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों पर संतोष जताया। उन्होंने मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और शुभकामनाएं दी।

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने सबसे पहले शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान दलों से चर्चा भी की। मतदान दलों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का भी को भी देखा। निर्वाचन आयोग की चेकलिस्ट के अनुरूप तैयारियों का अवलोकन किया। जिले के अधिकारियों से कहा कि स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, मतदान केंद्रों में आपके द्वारा की गई तैयारियां अच्छी है।

राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कहा कि निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों, पुलिस बल को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप तमाम तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आयोग के सचिव डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं पुलिस नोडल अधिकारी ओपी पाल, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह भी उपस्थित थे । रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेय गोयल ने बताया कि केआईटी परिसर से रायगढ़ नगर निगम के 48 वार्डों के लिए बनाए गए 172 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दल को सामग्री वितरित की गई। इसी प्रकार अन्य नगरीय निकाय के मुख्यालयों से रिटर्निंग ऑफिसर्स के द्वारा सामग्री वितरित की गई। जिले में कुल 265 मतदान केंद्रों के लिए सामग्री वितरित की गई है।



बिलासपुर और रायगढ़ जिले में मतदान तैयारियों की समीक्षा

### बिलासपुर में 631 मतदान केंद्र

उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी ने बताया कि नगरीय निकायों में कुल 5 लाख 96 हजार 575 मतदाता एवं त्रिस्तरीय पंचायत में 8 लाख 80 हजार 348 मतदाता हैं। नगर पालिक निगम बिलासपुर में 509, नगर पालिका तखतपुर में 25, नगर पालिका परिषद रतनपुर में 29, नगर पालिका परिषद बोदरी में 21, नगर पंचायत बिल्हा में 15, नगर पंचायत कोटा में 17 और नगर पंचायत मल्हार में 15 मतदान केन्द्र इस प्रकार कुल 631 मतदान केन्द्र हैं। इनमें संवेदनशील मतदान केन्द्र 127 है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु 1 हजार 675 मतदान केन्द्र हैं। इनमें संवेदनशील 312 मतदान केन्द्र हैं।

## इस बार निकाय-पंचायत चुनाव में महिला मतदाता पुरुषों से अधिक

# निकाय और पंचायत चुनाव में महिलाओं की संख्या अधिक, लेकिन वोट डालने में अब तक पुरुष आगे

हरिभूमि न्यूज/रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के चुनाव के लिए मंगलवार को राज्य भर के नगरीय क्षेत्रों में मतदान होगा। इसके बाद त्रिस्तरीय पंचायत राज चुनावों के लिए तीन चरणों में 17, 20, और 23 फरवरी को मतदान होगा। खास बात ये है कि इस बार हो रहे इन दोनों चुनावों के लिए महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों के मुकाबले अधिक है। लेकिन अगर वोट डालने वालों की संख्या के हिसाब से देखा जाए तो राज्य में 2004 से लेकर 2019 तक के चुनाव में महिलाओं से अधिक संख्या पुरुषों की रही है। यही नहीं शहरी क्षेत्रों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं और पुरुष अधिक संख्या में मतदान करते हैं।

### निकायों में इस बार मतदाताओं की संख्या

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में कुल 44,74,269 शहरी मतदाताओं में से 22,00,525 पुरुष, 22,73,232 महिला व 512 अन्य मतदाता हैं। यहां पर लगभग 73 हजार महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है।

### पिछले हर चुनाव में पुरुषों ने अधिक किया मतदान

नगरीय निकायों के चुनाव में भले ही इस बार मतदाताओं में महिलाओं की संख्या अधिक है। लेकिन पिछले चुनावों की बात करें तो हर चुनाव में में पुरुषों ने महिलाओं के मुकाबले अधिक मतदान किया है। यह संख्या इस प्रकार है। 2004 में पुरुष मतदान 71.71 प्रतिशत, 2009 में 75.14 प्रतिशत, 2014 में 77.92, 2019 में 78.84 प्रतिशत पुरुषों ने मतदान किया। जबकि महिलाओं ने 2004 में 69.75 प्रतिशत, 2009 में 75.55, 2014 में 77.46 और 2019 में 78.15 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने वोट डाले।




### पंचायत चुनाव में भी महिला मतदाता अधिक

त्रिस्तरीय पंचायतों में कुल 1,58,12,580 ग्रामीण मतदाता हैं, जिनमें 78,20,202 पुरुष, 79,92,184 महिला व 194 अन्य मतदाता हैं। यहां पर लगभग 1 लाख 65 हजार से अधिक महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी। लेकिन पिछले चुनावों के आंकड़ों को देखने से साफ होता है कि 2004 में 78.49 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं ने वोट डाले। 2009 में 76.92 प्रतिशत, 2014 में 78.80 और 2019 के चुनाव में 82.24 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इन्ही चुनावों में महिलाओं की वोटिंग का प्रतिशत इस प्रकार रहा। 2004 में 75.93 प्रतिशत महिलाओं ने वोट डाले। 2009 में 75.89, 2014 में 77.86 प्रतिशत और 2019 में 81.86 प्रतिशत महिलाओं ने वोट डाले। आंकड़ों से साफ होता है कि हर चुनाव में महिलाओं से अधिक पुरुषों ने वोट डाले।

### महिला मतदाताओं को साधने का प्रयास

कांग्रेस और भाजपा के द्वारा निकाय चुनाव में महिला मतदाताओं को साधने के प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा यह मानकर चल रही है कि राज्य में महतारी वंदन योजना के चलते महिलाओं का पूरा साथ उन्हें मिलेगा। वहीं कांग्रेस महिलाओं को साधने घोषणा पत्र में महिलाओं से संबंधित मामलों पर वादे किए है। देखना यह है कि आखिर आधी आबादी का लाभ किसे मिलता है। प्रदेश के जिन 10 नगरपालिक निगमों में से 8 निगमों में महिला मतदाता अधिक हैं। कोरबा और चिरमिरी नगर निगम में ही पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या कम है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 173 नगरीय निकायों में चुनाव होना है, जिनमें 10 नगर निगम, 49 नगर पालिका परिषद तथा 114 नगर पंचायत व 3201 वार्ड शामिल हैं। त्रिस्तरीय पंचायतों के जिला पंचायत सदस्य के लिए 433, जनपद पंचायत सदस्य के लिए 2973, सरपंच पद के लिए 11672 तथा पंच पद के लिए 1,60,180 पदों पर चुनाव कराया जाना है।

## टुकुन की नजर से...




# नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में जशपुर राजपरिवार के दो प्रत्याशी आजमा रहे भाग्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत में जशपुर राजपरिवार के दो युवा चेहरे अपनी राजनैतिक पारी की शुरुआत कर रहे हैं।जशपुर राजपरिवार से अभी तक जितने व्यक्ति राजनीति में हैं सभी ने नगरीयनिकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से ही आगे का रास्ता तय किया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं छत्तीसगढ़ भाजपा के कद्दावर नेता स्व. दिलीप सिंह जूदेव ने अपनी राजनैतिक पारी की शुरुआत जशपुर नगरपालिका से ही की थी। उसी तरह स्व. युद्धवीर सिंह जूदेव एवं प्रबल प्रताप सिंह ने भी अपनी राजनैतिक पारी जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़कर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष बने। राजपरिवार की बहुरानी प्रियंवदा सिंह जूदेव भी नगर पालिका पार्षद का चुनाव लड़ नगरपालिका की उपाध्यक्ष बनी थी।





### युवराज यशप्रताप लड़ रहे पार्षद चुनाव

जशपुर राजपरिवार से युवराज यशप्रताप सिंह जूदेव नगरपालिका पार्षद का चुनाव वार्ड नंबर 19 राजमहल वार्ड से लड़ रहे हैं। वार्ड नंबर 19 पहली बार सामान्य सीट बनी है। यशप्रताप पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव के बड़े पुत्र हैं। जीत के बाद यशप्रताप का नगर पालिका उपाध्यक्ष बनाना लगभग तय मन जा रहा है। हालांकि यशप्रताप पहली चार चुनावी मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

### शौर्य प्रताप क्षेत्र क्र. 6 से लड़ेंगे जिला पंचायत का चुनाव

शौर्य प्रताप सिंह वर्तमान में भाजपा युवामोर्चा के जिला अध्यक्ष हैं। वह भी अपनी राजनैतिक पारी की शुरुआत जशपुर जिले के क्षेत्र क्रमांक 6 से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रहे हैं, संभवतः 21 वर्षीय शौर्यप्रताप जिला पंचायत का चुनाव लड़ने वाले सबसे युवा प्रत्याशी हैं। शौर्य प्रताप स्व. दिलीप सिंह जू-देव के बड़े पौत्र है। पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष एवं महिला आयोग की सदस्य है। प्रियंवदा सिंह के बड़े पुत्र शौर्य प्रताप का जीत के बाद जिला पंचायत उपाध्यक्ष बनाना लगभग तय माना जा रहा है।

# कांकेर पालिका में क्या टूटेगा इस बार रिकॉर्ड या फिर दोहराएगा इतिहास

**कांकेर।** नगर पालिका कांकेर में लंबे समय से कांग्रेस का अध्यक्ष पद पर कब्जा रहा है और इस बार कांग्रेस के विजयी रथ को रोकने के लिए भाजपा ने अरुण कौशिक पर दांव लगाया है। वहीं कांग्रेस ने जितेंद्र सिंह ठाकुर पर दूसरी बार दांव लगाया है। 2014 में स्वयं अध्यक्ष बनें थे और 2019 में इनकी पत्नी सरोज ठाकुर अध्यक्ष रही। अरुण कौशिक 2014 में जितेंद्र सिंह ठाकुर से लगभग 1200 वोट से चुनाव हारे थे। इस बार अरुण कौशिक दमखम से चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतरे है और उनके साथ कंधा से कंधा मिलाकर विधायक आशाराम नेताम चल रहे है। भाजपा-कांग्रेस के अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों से बातचीत कर हमने जाना कि चुनाव जीतने के बाद उनकी क्या प्राथमिकताएं होंगी।

### योजनाबद्ध ढंग से विकास कराना मेरा लक्ष्य : अरुण

भाजपा प्रत्याशी अरुण कौशिक का कहना है कि भाजपा में अनुशासन है और पार्टी का निर्णय सर्वोपरि है। इस बार पार्टी ने अध्यक्ष पद पर प्रत्याशी बनाकर भरोसा जताया है। केन्द्र और राज्य में भाजपा की सरकार है। कांकेर नगर में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से विकास कार्य में तेजी आएगी। हमारी प्राथमिकता में शहर को स्वच्छ सुंदर बनाकर टॉप पर लाना है। कांकेर शहर में जो समस्याएं हैं, उसे जनता के साथ बैठकर उनकी मंशा के अनुसार नीति बनाकर विकास करेंगे। बढ़ती आबादी के साथ शहर का दायरा भी बढ़ रहा है। इसलिए पंचवर्षीय योजना बनाकर विकास को गति दी जाएगी। विधायक आशाराम नेताम ने 1 साल में शहर के विकास के लिए करोड़ों रुपए की सौगात देकर साफ-सफाई, पेयजल, सड़क आदि के लिए विकास कार्यों को तेज किया है। शहर को किस तरह से व्यवस्थित करते हुए विकसित करना है, यह विधायक के एक साल के कार्यकाल से सभी को दिख रहा है। यह तय है कि शहर के 21 वार्डों में योजना बनाकर विकास कार्य किया जाएगा। सरकार हमारी, विधायक हमारा, सांसद हमारा और जब नगर सरकार हमारा होगा, तभी तेजी से विकास होगा।



**आमने सामने**



### शहर को सुंदर बनाने का अधूरा सपना करूंगा पूरा : जितेंद्र

कांग्रेस प्रत्याशी जितेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के सरकार बनते ही डढ़िया तालाब और शीतलापारा तालाब का जीर्णोद्धार किया गया, जो शहर की शान है। शहर में डिवाइडर रोड बन जाने से शहर की शोभा भी बढ़ी है। दूध नदी के पानी को शहर में घुसने के लिए रोकने के लिए करोड़ों की रिटर्निंग वाल बन रही है। यह ऐसे कार्य थे, जो शहर के लिए बहुत जरूरी है। शहर को अब धूलमुक्त बनाने के लिए रोड किनारे जो धूल है, उसे राहत देने के लिए प्रयास किया जाएगा। शहर की जनता के मंशा के अनुरूप सभी 21 वार्ड का सर्वांगीण विकास करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। पुराना बस स्टैंड में शौचालय स्वीकृत हो चुका है, इसके अलावा शहर में हर 200 मीटर की दूरी पर शौचालय बनाया जाएगा। जिला अस्पताल के आसपास कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, उसके लिए भी योजना बनकर तैयार है, उसे क्रियान्वयन किया जाएगा। नगर में कांग्रेस की सरकार बनने पर बिना किसी भेदभाव के सभी 21 वार्ड के लोगों को बुनियादी सुविधाओं के साथ साफ-सुथरा वातावरण देने का प्रयास किया जाएगा। कुल मिलाकर साफ-सफाई, पानी, बिजली, सड़क आदि व्यवस्थाएं दुरुस्त करना मेरी प्राथमिकता में होगा। विशेषकर युवाओं के लिए अवसर तैयार करेंगे।

रायपुर, मंगलवार 11 फरवरी 2025 माघ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी | वर्ष : 23, अंक : 206 | पृष्ठ : 12+8+8 = 28 मूल्य : 5.00** haribhoomi.com


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





- महाकुंभ में प्रतिदिन औसतन 1.44 करोड़ लगा रहे डुबकी
- प्रयागराज संगम स्टेशन 9 से 14 फरवरी तक बंद
- प्रयागराज के हर एंट्री पॉइंट पर 20 किमी तक गाड़ियां फंसी
- 5 किलोमीटर का सफर तय करने में लग रहे 8 घंटे
- फोर व्हीलर्स में लोग घंटों भूखे-प्यासे फंसे रहे
- दुपहिया में भी सफर आसान नहीं, हर जगह लंबी लाइन



महाकुंभ नगर की ओर जाने वाले रास्तों पर वाहनों का रेला

# 20 किलोमीटर तक फंसी गाड़ियां, सड़कें जाम काशी और अयोध्या में भी मुश्किल हालात

**महाकुंभ नगर/वाराणसी/अयोध्या।** महाकुंभ में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने और भारी भीड़ से निपटने के लिए रेलवे और स्थानीय प्रशासन ने श्रद्धालुओं के वास्ते कई नइ व्यवस्थाएं की हैं। कई क्षेत्रों में व्यापक जाम और अन्य परेशानियों के बावजूद महाकुंभ नगर तथा वाराणसी में लोगों के पहुंचने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। महाकुंभ में स्नान के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु वाराणसी और अयोध्या में दर्शन करने के लिये ▶▶|शेष पेज 3 पर



### राष्ट्रपति ने महाकुंभ में लगाई डुबकी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ-2025 के त्रिवेणी संगम में सोमवार को डुबकी लगाई। उन्होंने बड़े हनुमान, अक्षयवट और सरस्वती कूप के दर्शन किए। इस दौरान प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

### कई किलोमीटर तक सड़कें जाम

जबर्दस्त भीड़ की वजह से अयोध्या की ओर जाने वाली सभी सड़कें कई किलोमीटर तक जाम हैं। अयोध्या को जोड़ने वाले छह राष्ट्रीय राजमार्गों पर विभिन्न बैरिकेडिंग पर तैनात अधिकारियों ने बताया कि लखनऊ, सुलतानपुर, रायबरेली, गोरखपुर, अंबेडकरनगर और आजमगढ़ से अयोध्या की ओर जाने वाली सभी सड़कों पर कई किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ है।

### अयोध्या से 20 किमी पहले ही यातायात बैन

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अयोध्या शहर से लगभग 20 किलोमीटर पहले ही यातायात को मजबूरन प्रतिबंधित कर दिया गया है। अयोध्या के साकेत डिग्री कॉलेज के सेवानिवृत्त प्राचार्य वी. एन. अरोड़ा ने बताया, 'मुझे लखनऊ से फैजाबाद पहुंचने में लगभग आठ घंटे लगे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल न. 1155 | airtel चैनल न. 366

## खबर संक्षेप

### रिकॉर्ड हाई पर पहुंचा सोना, 88500 रुपए के पार 10 ग्राम



**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुझानों और कमजोर रुपये के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 2,430 रुपए बढ़कर 88,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका में सभी इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत का नया शुल्क लगाने की घोषणा के बाद वैश्विक स्तर पर हाजिर बाजारों में सोने ने 2,900 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर को पार कर लिया। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 86,070 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। स्थानीय बाजारों में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,430 रुपए बढ़कर 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। चांदी 97,500 रुपए प्रति किलो हो गई।

रायपुर के ताजनगर में 8 साल से रह रहे थे, कंप्यूटर सेंटर में तैयार किए गए फर्जी दस्तावेज

# रायपुर में रह रहे थे तीन बांग्लादेशी, फर्जी पहचान पत्र से इराक भागने की कोशिश, मुंबई में धरे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाराष्ट्र तथा रायपुर एटीएस ने एक ज्वाइंट ऑपरेशन चलाकर मुंबई, पायधुनी इलाके से तीन बांग्लादेशी सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी नागरिक फर्जी पासपोर्ट बनाकर इराक, बगदाद भागने की फिराक में थे। एटीएस के हत्थे चढ़े तीनों बांग्लादेशी नागरिकों के बारे में बताया जा रहा है, उन लोगों ने रायपुर के एक कंप्यूटर सेंटर में फर्जी आधार के साथ पैन कार्ड बनवाया था।

एटीएस ने बांग्लादेश, खुलना राज्य स्थित जैसोर जिला के नाभरन निवासी मोहम्मद इस्माइल, शेख अकबर तथा शेख साजन को गिरफ्तार किया है। तीनों के पिता शमसुद्दीन, मां रशीदा, भाई अजगर, बहन सुरैया, इस्माइल की पत्नी यास्मीन और 2 बेटी वर्तमान में बांग्लादेश में रह रहे हैं। तीनों की उम्र 23 से 27 वर्ष है। तीनों वर्तमान में रायपुर, ताजनगर स्थित मिश्रा बाड़ा में निवासरत थे। रायपुर एटीएस को तीनों के मुंबई, हावड़ा मेल से मुंबई पहुंचने की जानकारी मिली थी। इसके बाद रायपुर एटीएस ने मुंबई एटीएस के साथ तीनों के बारे में जानकारी साझा की और मुंबई के लिए रवाना हुई।

### रायपुर, महाराष्ट्र एटीएस ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाकर किया गया गिरफ्तार



### एटीएस ने तीनों को एयरपोर्ट जाते पकड़ा

एटीएस ने तीनों के मोबाइल नंबर के लोकेशन के आधार पर पायधुनी में ट्रेस किया। लोकेशन ट्रेस होने के बाद मुंबई तथा रायपुर एटीएस ने तीनों को एयरपोर्ट जाने की फिराक में टैक्सी का इंतजार करते गिरफ्तार किया। एटीएस ने तीनों को पकड़कर उनकी जेब की तलाशी ली, तो तीनों के बैग में आधार के साथ वोटर आईडी, पैन कार्ड तथा पासपोर्ट मिले।

### दो हजार से अधिक लोगों की कराई पहचान परेड

### जियारत करने के बहाने जा रहे थे

*एटीएस ने तीनों को 26 जनवरी को गिरफ्तार किया है। एटीएस गिरफ्त में आए बांग्लादेशी नागरिक जियारत करने की आड़ में इराक भागने की फिराक में थे। इराक जाने के बाद उनका भारत लौटने का कोई इरादा नहीं था। एटीएस को आशंका है कि गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी नागरिक इराक में आईएसआईएस में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इस्माइल तथा उसके भाइयों ने एटीएस को बताया है कि पूर्व में कई लोग रायपुर में फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से वोटर आईडी, आधार तथा पैन कार्ड बनवाकर इराक जा चुके हैं। उनमें से कई आईएसआईएस में शामिल हैं।*

### बांग्लादेशी के पकड़े जाने के बाद पुलिस ने चलाया था अभियान

एटीएस ने तीनों बांग्लादेशी नागरिकों को 26 जनवरी को मुंबई से गिरफ्तार किया। तीनों के रायपुर लिंक मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने 30 जनवरी को रायपुर के सभी 21 थाना क्षेत्रों में बाहरी लोगों की पहचान करने अभियान चलाया। इसके लिए एक ही दिन में दो हजार से ज्यादा लोगों को पुलिस लाइन लाकर उनकी पहचान परेड कराई। इनमें डेढ़ सौ के करीब संदिग्ध मिले हैं। उनकी पुलिस पहचान करने की बात कह रही है।

### पूछताछ के लिए तीन दिनों की रिमांड

इस्माइल, अकबर तथा साजन को गिरफ्तार करने के बाद एटीएस ने तीनों बांग्लादेशी नागरिकों को टिकरापारा पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश कर तीन दिनों के लिए अपनी रिमांड ली। तीनों से पूछताछ में पुलिस पता लगाने की कोशिश करेगी कि उनकी रायपुर में किन लोगों ने मदद की। इसके साथ ही कितने लोग रायपुर के रास्ते इराक गए हैं। पुलिस ने तीनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 338, 340, 111 तथा भारतीय पासपोर्ट अधिनियम की धारा 12(बी) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# दिल्ली का 'तख्त' जाते ही पंजाब में 'आप' पर संकट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/ चंडीगढ़

दिल्ली विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी की करारी हार और पार्टी की पंजाब इकाई में बढ़ते असंतोष की अटकलें लग रही है। ऐसे में आप पर नया संकट पैदा हो गया है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल मंगलवार को दिल्ली में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राज्य के मंत्रियों और पार्टी विधायकों से मुलाकात करेंगे। हालांकि, 'आप' सांसद मलविंदर सिंह कंग ने असंतोष की खबरों को तवज्जो न देते हुए मंगलवार की बैठक को 'नियमित रणनीति सत्र' करार दिया। उन्होंने कहा, पार्टी में इस तरह की प्रक्रिया आम है। भविष्य की रणनीति बनाने के लिए सभी इकाइयों से फीडबैक लिया जाता है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप विधायक, अरविंद केजरीवाल से मिलकर आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, यह चर्चा दिल्ली चुनाव परिणामों के विश्लेषण और 2027 में होने वाले पंजाब चुनावों के लिए रणनीति बनाने पर केंद्रित होगी। एक दशक तक दिल्ली की ▶▶|शेष पेज 3 पर



- अंदरुनी कलह, आज विधायकों से मिलेंगे केजरीवाल

### भाजपा का तंज कहा-मान नीत सरकार की उल्टी गिनती


भाजपा ने पंजाब में सत्तारूढ़ आप पर अपना हमला तेज कर दिया है। पार्टी महासचिव तरुण चुघ ने सोमवार को दावा किया कि 'भगवंत मान नीत सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है।' चुघ की यह टिप्पणी दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप की हार के बाद उसकी पंजाब इकाई में असंतोष की अटकलों के बीच आई है। मंगलवार को दिल्ली में आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल की पंजाब के मुख्यमंत्री मान, मंत्रियों और विधायकों के साथ एक बैठक होने वाली है। इस कदम से राजनीतिक चर्चाएं शुरू हो गयी हैं।

### पार्टी नेतृत्व से नाखुश कुछ विधायक

अटकलें हैं कुछ विधायक पार्टी के नेतृत्व से नाखुश हैं और अन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। 'आप' ने 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव में 117 में से 92 सीट जीतकर शानदार जीत हासिल की थी। हालांकि, हाल के घटनाक्रमों ने आंतरिक एकजुटता पर सवाल खड़े कर दिए हैं, कुछ लोगों का मानना है दिल्ली में पार्टी के नेतृत्व का पंजाब की सरकार पर प्रभाव बना हुआ है। ऐसी भी अटकलें हैं कि केजरीवाल अब पंजाब की राजनीति में अधिक प्रत्यक्ष भूमिका पर विचार कर सकते हैं।

# लीजेंड 90 में 'गप्टिल' का तूफान, बिग बॉयस के खिलाफ 49 गेंदों में बनाए 160 रन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



यह गप्टिल की लाइव बल्लेबाजी है, कोई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का कमाल नहीं, कुछ ऐसी ही आवाज आ रही थी कमेंट्री बॉक्स से जब मार्टिन गप्टिल ने स्टेडियम के चारों ओर चौकों और छक्कों की झड़ी लगा दी थी। मौका था सोमवार को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में चल रही लीजेंड 90 लीग का, जहां रोज नए कारनामे हो रहे हैं और ऐसा ही कुछ चंडीगढ़ वॉरियर्स और बिग बॉयस के बीच खेले ▶▶|शेष पेज 3 पर

### 21 गेंदों में पूरा किया अर्धशतक

शांत शुरुआत करने के बाद एक बार जब गप्टिल ने लय पकड़ी, तो उन्होंने महज 21 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन असली धमाका 12वें ओवर में हुआ, जब उन्होंने ईशान मल्होत्रा के एक ओवर में 29 रन बटोरे और सिर्फ 34 गेंदों में शतक बना दिया। इसके बाद अगली 13 गेंदों में उन्होंने 50 रन और जोड़ते हुए टीम को 240 के स्कोर तक पहुंचा दिया। अपनी पारी के दौरान उन्होंने 12 चौके और 16 छक्के लगाए।

### अंतरराष्ट्रीय विमान में बम की धमकी भरा पत्र

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में सोमवार सुबह उतरे एक अंतरराष्ट्रीय विमान में बम की धमकी भरा पत्र मिला है। इसके बाद अधिकारियों ने विमान की तलाशी ली। सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे जेद्दा-अहमदाबाद विमान में अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। एक सीट के नीचे धमकी भरा पत्र मिला था।

# रायपुर की छात्रा ने पूछा- छोटी जीत पर कैसे खुश हों, मोदी बोले- ऐसा लक्ष्य जो पकड़ से बाहर हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/नई दिल्ली

बच्चों को परीक्षा के तनाव से बचाने के लिए विद्यार्थियों को मोटिवेट करने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों के साथ पालकों और शिक्षकों से बातचीत की। इस दौरान रायपुर के मायाराम सुरजन स्कूल की छात्रा युक्तामुखी साहू ने प्रधानमंत्री से पूछा कि ▶▶|शेष पेज 3 पर



### मोदी ने दिए और भी टिप्स

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दौरान परीक्षा की तैयारी और बेहतर सफलता के लिए विद्यार्थियों को कई तरह के टिप्स दिए। उन्होंने कहा किसी क्रिकेटर की तरह बाहरी दबाव को नजर अंदाज कर सिर्फ बॉल ▶▶|शेष पेज 3 पर

### सेलिब्रिटियों ने भी साझा किया अनुभव



अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम और आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जैसी प्रसिद्ध हस्तियों ने भी जीवन और सीखने के प्रमुख पहलुओं पर अपना अनुभव और ज्ञान छात्रों के साथ साझा किया।

# अमेरिका से लौटे नाती ने चाकू से 70 बार गोदकर की हत्या

## 500 करोड़ का मालिक था मृतक

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। वेलजन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के 86 वर्षीय संस्थापक, वेलामाती चंद्रशेखर जनार्दन राव की उनके ही घर में हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो हैरान कर देने वाला खुलासा हुआ। हत्या के तीन दिन बाद, पुलिस ने उनके नाती किलारू कीर्ति तेजा को अपने नाना की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना संपत्ति विवाद के चलते हुई। बताया जा रहा है। मृतक करीब 500 करोड़ का मालिक था।

### अमेरिका से पढ़ाई करके लौटा था


शुरुआती जांच से पता चला है कि तेजा हाल ही में अमेरिका से मास्टर्स की डिग्री पूरी करके हैदराबाद लौटा था। वह हैदराबाद के पश्चिमी कॉरिडोर में स्थित एक गेटेड कम्युनिटी, लैंको हिल्स में रह रहा था। तेजा राव से नाराज था। उसे लगता था कि उसके साथ परिवार के दूसरे सदस्यों की तुलना में भेदभाव किया जाता है।



## चिंतन

# ममता कुलकर्णी ने खुद पद त्यागकर अच्छा ही किया

लंबे विवाद के बाद आखिरकार ममता कुलकर्णी ने किन्नर अखाड़े का महामंडलेश्वर पद छोड़ दिया है। उनके महामंडलेश्वर बनने के बाद से ही देशभर में अलग-अलग तरह से विरोध के स्वर सुनाई दे रहे थे। प्रयागराज महाकुंभ में 24 जनवरी को उन्हें महामंडलेश्वर बनाया गया था। अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने उनका पिंडदान और पट्टाभिषेक कराया था। ममता को नया नाम श्रीयामाई ममता नंद गिरि मिला था। करीब 7 दिन तक वह महाकुंभ में ही रहीं। एक वर्ग का कहना था कि ममता को महामंडलेश्वर बनाकर ठीक नहीं किया गया। ममता कुलकर्णी, जो अंडरवर्ल्ड संगठनों और ड्रग सिंडिकेट्स में उलझी एक बॉलीवुड अभिनेत्री थी, उन्हें महामंडलेश्वर के रूप में अभिषेक करने को त्याग की पवित्र परंपराओं का अपमान बताया जा रहा था। ममता कुलकर्णी जिसकी ख्याति आध्यात्मिक योगदान नहीं बल्कि किन्हीं और कारणों से थी, ने महाकुंभ में अचानक अपने संन्यास की घोषणा कर दी, अपना पिंडदान किया और खुद को संन्यासी घोषित किया। उसके बाद से बहस शुरु हो गई कि क्या कोई रातोंरात साधु बन सकता है? संन्यासी जीवन कोई दिखावा नहीं, केवल भगवा धारण कर लेने से कोई संन्यासी नहीं हो जाता। इसके लिए गहन अध्ययन, कठोर अनुशासन और निस्वार्थ सेवा की आवश्यकता होती है। यह एक ऐसी महिला है, जो दशकों से भौतिकता, विवाद और अवैध संबंधों के कारण चर्चाओं में रही। अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन के साथ उनके कथित रोमांटिक संबंध और उसके बाद में एक सजायाफ्ता ड्रग किंग विक्की गोस्वामी- के साथ उनके संबंध, एक संन्यासी से अपेक्षित नैतिक अखंडता की तस्वीर पेश नहीं करते। 2016 में 2000 करोड़ रुपये का ड्रग स्कैंडल, जिसमें कुलकर्णी को भगोड़ा बताया गया, उनकी विश्वसनीयता पर अमिट दाग लगाता है। 1998 में, छोटा राजन के साथ उनके कथित संबंधों ने मीडिया की गहन जांच को जन्म दिया, जिसकी परिणति फिल्म निर्माताओं को धमकियों और राजकुमार संतोषी की चाइना गेट में दोबारा से उनको अभिनेत्री के रुप में कास्ट करना अपने आप में हैरान करने वाला था। संदिग्ध संगति और अवैध लेन-देन से भरा ऐसा अतीत, आध्यात्मिक जागृति के उनके हालिया दावों पर गंभीर संदेह पैदा करता है। आत्म-साक्षात्कार और मुक्ति मौलिक अधिकार हैं, लेकिन व्यक्तिगत शरण के लिए। हो सकता है कि ममता उन सब कारकों से दूर हो गई हो, जिनसे वो जुड़ी रही थी। उन्होंने बहुत कुछ त्याग भी किया हो, लेकिन हमारे संत समाज के आदर्श होते हैं। ममता में भौतिक आसक्तियों के त्याग, शास्त्रों के ज्ञान का कठोर पालन और निस्वार्थ सेवा के प्रति अटूट समर्पण दिखाई नहीं दे रहा था। कुलकर्णी में हिंदू शास्त्रों के मूलभूत ज्ञान, अनुशासन और सच्चे भिक्षु के जीवित होने का अभाव दिख रहा था। ममता को महामंडलेश्वर बनाए जाने पर योग गुरु बाबा रामदेव, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने विरोध जताया था। ममता पर 10 करोड़ देकर पदवी लेने के आरोप भी लग रहे थे। हालांकि ममता ने दावा किया कि उनसे 2 लाख रुपए मांगे गए थे, जो महामंडलेश्वर जय अंबा गिरी ने अखाड़े की आचार्य पंडित लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी को दिए थे। अब जब ममता ने खुद पद छोड़ने का ऐलान कर दिया है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि इस विवाद पर पूर्णविराम लग जाएगा और अखाड़े भी किसी ऐसे इंसान को पदासीन करने से गुरेज करेंगे जो विवादों में रहे हों।



विश्लेषण
सुरेश पचौरी

भाजपा ने अपने चुनावी वादे में कहा था कि दिल्ली में गरीबों के लिए घर बनाने, शहर का आधुनिकीकरण करने, हर घर में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने, पर्याप्त बिजली मुहैया कराने और टैंकर माफियाओं से मुक्त करने वाली सरकार चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी जनसभाओं में केजरीवाल सरकार को आपदा सरकार बताते हुए इन मुद्दों को बराबर उठाया और जनता ने वक्त आने पर मोदी जी की बात पर सहमत होकर दिल्ली से आपदा को विदा कर भाजपा को गले लगा लिया। भ्रष्टाचार खत्म करने का वादा कर सत्ता पर काबिज हुई आम आदमी पार्टी और इसके मुखिया अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए।

# मोदी की गारंटी पर दिल्ली की मुहर

दिल्ली विधान सभा के चुनाव में वहां की जागरूक जनता ने भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में बिठाकर दुनिया को यह संदेश दे दिया कि हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है और मोदी जी के नेतृत्व में ही देश प्रगति के नए सोपान नाप सकता है। लगभग 27 वर्षों के बाद दिल्ली में भाजपा सरकार की वापसी हुई है। जीत का यह परचम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सुस्पष्ट विजन के कारण लहराया है। मोदी जी के विजन पर मुहर लगाकर दिल्लीवासियों ने डबल इंजन की सरकार पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है। स्मरणीय है कि भाजपा ने दिल्ली में चुनाव अभियान के दौरान नारा दिया था- 'मोदी जी का विजन है दिल्ली के लिए उम्मीद की एक किरण।' दिल्ली की जनता ने इस नारे को आत्मसात करते हुए आम आदमी पार्टी की सरकार के कुशासन पर करारा प्रहार कर राष्ट्र-विकास के संकल्प को जिता दिया। यह जीत देश की राजधानी दिल्ली के बिगड़े सूरत-ए-हाल में निखार के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी और बीजेपी के प्रति भरोसे की जीत है। इस शानदार जीत में यह संदेश भी छिपा है कि सिर्फ झूठ और आलोचना के सहारे देश के जनमानस को दिग्भ्रमित नहीं किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए कहा था कि ₹साल 2025 भारत के विकास के लिए अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने की ओर हमारी यात्रा इस वर्ष और तेज होने वाली है। आज भारत, दुनिया में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक बना है, 2025 में भारत की यह भूमिका और सशक्त होगी।₹ इस संकल्प के साथ उन्होंने मतदाताओं से दिल्ली में भाजपा को सेवा करने एक अवसर देने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था-- "आपने दिल्ली में पिछले कई सालों से भारतीय जनता पार्टी को काम करने का मौका नहीं दिया। आपने 25 साल तक कांग्रेस और आप को देखा है, अब कमल को मौका दीजिए। जैसे परिवार का मुखिया अपने प्रियजनों का ख्याल रखता है, वैसे ही मैं आपका ख्याल रखूंगा। बीजेपी का ट्रैक रिकॉर्ड दिखाता है कि हम जो वादा करते हैं, उसे हर हाल में पूरा करते हैं।"

आज देश में मोदी की गारंटी विश्वास का पर्याय बन चुकी है। सर्वविदित है कि 'मोदी की गारंटी' का मतलब है, जनता से किए गए प्रत्येक वादे का पूरा होना। देश के तमाम राज्यों के लोगों ने मोदी की गांरटी पर भरोसा कर भारतीय जनता पार्टी को सरकार बनाने का अवसर दिया और वहां की सरकारें जनहित में बेहतर काम कर रही हैं। उस कड़ी में अब दिल्ली राज्य भी शामिल हो गया और जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को अमली जामा पहना दिया। हम अतीत की बात करें तो मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, गोवा, महाराष्ट्र और ओडिशा में जनता ने मोदी जी की परिकल्पना पर केन्द्रित बीजेपी की डबल इंजन की सरकार पर यकीन करते हुए बंपर जीत दिलवाई। भाजपा शासित इन प्रदेशों में विकास और राजनैतिक स्थिरता का संदेश दिल्ली की करोड़ों जनता के बीच भी गया। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार के भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता ने मोदी जी पर विश्वास जताया और चुनाव में मौका मिलते ही अन्य राज्यों के



नागरिकों की तरह ही फैसला लेकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार को सेवा करने का अवसर दे दिया।

भाजपा ने अपने चुनावी वादे में कहा था कि दिल्ली में गरीबों के लिए घर बनाने, शहर का आधुनिकीकरण करने, हर घर में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने, पर्याप्त बिजली मुहैया कराने और टैंकर माफियाओं से मुक्त करने वाली सरकार चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी जनसभाओं में केजरीवाल सरकार को आपदा सरकार बताते हुए इन मुद्दों को बराबर उठाया और जनता ने वक्त आने पर मोदी जी की बात पर सहमत होकर दिल्ली से आपदा को विदा कर भाजपा को गले लगा लिया। जनता अच्छी तरह से समझ गई थी कि अरविंद केजरीवाल ने जो वादे किए थे, वे पूरे किए ही नहीं। भ्रष्टाचार खत्म करने का वादा कर सत्ता पर काबिज हुई आम आदमी पार्टी और इसके मुखिया ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए। उन्होंने राजधानी दिल्ली को विकास का नहीं बल्कि भ्रष्टाचार का मॉडल बना दिया। दूसरे नेताओं की जीवनशैली पर उंगली उठाने वाले तथा राजनीति में सादगीपूर्ण जीवन जीने की बातें करने वाले आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल तथा उनकी पार्टी के अधिकांश नेता सत्ता में आते ही भ्रष्टाचार के दलदल में डूब गए। नैतिकता की बातें हवा हवाई हो गईं। दो-तीन कमरों के घर में रहकर जनसेवा करने की बात करने वाले नेता ने शान-ओ-शौकत का शीशमहल खड़ा कर लिया। एक ओर जहां दिल्ली की जनता तमाम परेशानियों से जूझ रही थी, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी की सरकार के मंत्री व नेतागण अपनी सुख-सुविधा में मस्त थे। इन हालात में जनता ने आम आदमी पार्टी की वादाखिलाफी के बदले भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार के संकल्प को अंगीकार कर मोदी जी की गारंटी पर भरोसा ज़ाहिर किया।

दिल्ली विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की इस जीत के निहितार्थ साफ हैं। स्मरण कराना होगा कि मई 2014 में एनडीए सरकार के मुखिया के रूप में नरेन्द्र मोदी ने जब देश के प्रधानमंत्री का दायित्व संभाला था, तब राज्यों में अलग राजनैतिक परिदृश्य था। उस समय देश के सात राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सरकारें थीं। इनमें से पांच राज्यों छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्यप्रदेश और राजस्थान में बीजेपी तो आंध्रप्रदेश और पंजाब में उसकी सहयोगी पार्टियां सत्ता में थीं। उस समय 14 राज्यों में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की सरकारें सत्तासीन थीं। इन राज्यों में महाराष्ट्र तथा कर्नाटक जैसे बड़े राज्य शामिल थे। कालांतर में देश ने मोदी सरकार के काम को देखा, मोदी जी की गारंटी को जाना और डबल इंजन की सरकार के महत्व को समझा। यही कारण है कि चार साल में ही देश की राजनैतिक तस्वीर बदल गई थी। चार साल बाद याने मार्च 2018 में 21 राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सरकारें बन चुकी थीं। अब दिल्ली में भी विजय पताका फहराई है। वर्ष 2025 में देश के 19 राज्यों में भाजपा गठबंधन की सरकारें होंगी। भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में इस राजनैतिक परिदृश्य से स्पष्ट है कि देश को अब सिर्फ मोदी जी की गारंटी पर भरोसा है। देश की जनता विपक्षी दलों के भुलावे व गुमराह करने वाली बातों में आने वाली नहीं है। वह डबल इंजन की सरकार द्वारा हो रहे विकास के मॉडल को देख रही है, उसे महसूस कर रही है, तभी तो नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में तीसरी बार गठबंधन की सरकार को अवसर देने के बाद राज्यों की कमान भी भाजपा को सौंप रही है। भाजपा ही वह राजनैतिक दल है, जिसने सामान्य कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे पदों पर बिना भेदभाव के पहुंचाया है। इस दल में परिवारवाद नहीं बल्कि योग्यता का सम्मान है। यहां काम पर भरोसा है और इस भरोसे के प्रतिबिंब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।

(लेखक भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दिल्ली परिणाम
डा. रमेश ठाकुर




# 'आप' का अपराजय होने का भ्रम टूटा

लोकतंत्र की चुनावी प्रक्रिया में जनता जर्नादन ही सर्वोपरि होती है। पर, ये बात एकाध बंपर जीत करने के बाद सियासी दल भूल जाते हैं। आम आदमी पार्टी का जब से जन्म हुआ, उसके बाद दिल्ली में तकरीबन चुनावों में अप्रत्याशित जीत दर्ज कर अपने भीतर ये भ्रम पाल लिया कि उन्हें कोई हरा नहीं सकता? लेकिन नियति की मार देखिएगा, केजरीवाल आखिरकार हार ही गए? दरअसल, भारतीय लोकतंत्र की यही सबसे खूबसूरत तस्वीर है जिसे स्वयं जनता कैनवास पर अपने मताधिकार से उकेरती है। जो आवाम नेताओं को सिर आंखों पर बिठाती है, वही जब अपने पर आती है तो अच्छे-अच्छों को आसमान से जमीन पर पटकने में भी देर नहीं करती? दिल्ली की ये हार आम आदमी पार्टी को लंबे समय तक सताएगी। जब गढ़ ही गड़गड़ा गया, तो भविष्य की डगर निश्चित रूप से गडबड़ाएगी। केजरीवाल को पार्टी की हार उतनी नहीं सताएगी, जितनी उनके शीर्ष नेतृत्व के हारने से उनका मनोबल टूटेगा। केजरीवाल के कद्दावर नेताओं के नेताओं के हारने से पार्टी के जनाधार में भी यहीं से डेंट लगना आरंभ हो जाएगा। क्योंकि सेना के साथ-साथ उनका सेनापति भी हार गए। भाजपा की जीत ने 'आप' का दिल्ली में लंबे समय तक राज करने का भ्रम भी तोड़ा है।

फिलहाल, राजधानी में कौन अलगे पांच वर्ष तक सत्ता पर काविज रहेगा, ये आठ तारीख को आए परिणाम से तय हो गया। भाजपा ने 'आप'दा को मात देकर अपना 27 साल का सूखा मिटा लिया। भाजपा की जीत ने कई भ्रट तोड़े हैं। केजरीवाल की टीम ये ठाने बैठी थी कि उन्हें कोई हरा ही नहीं सकता। दलों को इस सच्चाई से वाकिफ होना चाहिए कि जीवंत लोकतंत्र में कोई दल स्थाई नहीं होता, सभी अस्थाई होते हैं? सियासी पार्टियों का बजूद जनता जनाधार की ताकत से ही मजबूत होता है। जनाधार जैसे ही खिसकता है, नींव भी कमजोर हो जाती है। एक जमाना था, जब जनता पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टियों का पश्चिम बंगाल से लेकर भारत के दूसरे छोर तक बोला बाला होता था। आज ये दल किन परिस्थितियों में हैं, सभी जानते हैं, बताने की जरूरत नहीं? मुठ्ठी भर कार्यकर्ता भी उनके पास नहीं बचे? इन पार्टियों के कार्यालयों में ताले पड़े हैं। 'आम' से 'खास' बनने के बाद 'आप' पार्टी के नेताओं के पैर जमीन पर नहीं पड़ते थे। 'अहम' और 'घंमड़' उनमें आ गया था। खैर, उनके पास मौका अभी भी है, राजधानी वालों ने उनको विधानसभा में मुख्य और प्रचंड़ विपक्ष की भूमिका दी है जिसमें जनता उनकी परीक्षा लेगी। 'आप' वाले सरकार कैसे चलाते हैं, ये तो जनता ने अच्छे से देख लिया? विपक्ष में रहकर कैसा व्यवहार करेंगे हैं, ये उनको देखना है और परखना है। बहरहाल, दिल्ली में विगत 12 वर्षों से सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी यानी 'आप' की हार और प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा की अप्रत्याशित जीत के एक-दो नहीं, बल्कि बहुतेरे कारण हैं। हार के सियासी मायने भी दिलचस्प हैं। भारतीय राजनीति में इस परिणाम के असर दूर-दूर तक दिखेंगे। भाजपा की जीत से केंद्र में सत्तारूढ़ 'एनडीए' की एकजुटता भी मजबूत होगी। वहीं देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया गठबंधन' में बिखराव का होना भी स्वाभाविक रहेगा। क्योंकि इस जीत से भाजपा ने विपक्ष पर जबरदस्त मनोवैज्ञानिक बढ़ा ली है। भाजपा ने जिस अंदाज में पटकनी सत्ता दल को दी है, उन्हें उम्मीद नहीं थी। हारने के बाद केजरीवाल अब पुराने दिनों को जरूर याद करेंगे। गलतियां कहां-कहां हुईं, क्या खोया और क्या पाया? सभी मुद्दों पर गंभीरता से मंथन करेंगे। कैसे, उन्होंने अन्ना हजारे की आड़ लेकर अपनी राजनैतिक आभा चमकाई, और जिसे पूरा करने के लिए उन्होंने 'आप' का गठन करके कांग्रेस की दिल्ली में समूची सियायी जमीन ही हड़पी। आज कांग्रेस अपनी दुर्दशा पर उतनी दुखी नहीं है जितनी केजरीवाल के हारने से खुश है। केजरीवाल ने भी कुछ इसी अंदाज में कभी शीला दीक्षित सहित उनकी टॉप लीडरशिप को एक झटके में हराया था। वही तस्वीर आज फिर उभरी। शीला दीक्षित की आत्मा भी आज खुश होंगी। केजरीवाल की राजनीतिक महत्वाकांक्षा को लोगों ने उसी दिन से भांप लिया था। जब उन्होंने 2013 में धर्मनिरपेक्षता की आड़ में उसी कांग्रेस के सहयोग से भाजपा विरोधी गठबंधन सरकार का गठन किया, जिसका विरोध करके वह चुनाव जीते थे और त्रिशंकु विधानसभा की नौबत आई थी। हांलाकि, कांग्रेस की उस एक मात्र भूल ने ही आगे चलकर 2015 के मध्यावधि चुनाव में जहां उसका पूरा का पूरा सफाया हुआ। दूसरे चुनाव में 'आप' को मुस्लिम मतदाताओं ने भी खूब प्यार दिया। उनके समर्थन ने दिल्ली में रिकॉर्ड जीत दिलाई थी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण



संकलित
**दर्शन**

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणों उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं। यही नहीं, वह वृक्ष सैकड़ों बीजों के जनक होने का गौरव भी प्राप्त करता है।

## मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है



संकलित
**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### डंकी रूट : स्वर्गिक आनंद के लिए नारकीय मार्ग

हाल ही में अमेरिका से 104 अप्रवासी भारतीयों को हथकड़ियां और बेड़ियां लगाकर भारत डिपोर्ट कर दिया गया। उनके साथ होने वाला यह दुर्व्यवहार नितांत निंदनीय है। यह अपमान वे कभी भूल नहीं पाएंगे। इससे भी ज्यादा भूलना मुश्किल होगा, उन्हें आई वो परेशानियां, जो उन्होंने झेली। वह आर्थिक नुकसान जिसकी भरपाई अब कभी नहीं हो सकेगी। ये 104 उन लोगों में से थे जो या तो अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे या जिनकी वीजा अवधि समाप्त होने के पश्चात वे वहीं पर रह रहे थे और अमेरिकी प्रशासन के कड़े आव्रजन नियमों की गिरफ्त में आ गए। उनके लिए यह यात्रा केवल एक असफल प्रयास नहीं थी, बल्कि उनके हवाई सपनों के अंत की भी साक्षी थी।

*- सुरेंद्र दुबे, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### सौभाग्य प्राप्त हुआ



प्रयागराज महाकुंभ के अलौकिक वातावरण में मां गंगा, यमुना और अंतः सलिला सरस्वती के पावन संगम में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्रद्धा और विश्वास का समागम भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत और जीवंत प्रतीक है।

-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### फ्रांस और अमेरिका रहूंगा



अगले कुछ दिनों में मैं विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए फ्रांस और अमेरिका में रहूंगा। फ्रांस में, मैं एआई एक्शन समिट में हिस्सा लूंगा, जहां भारत सह-अध्यक्ष है। इसके अलावा हम वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने के लिए मार्सिले भी जाएंगे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### न्यायाधीशों को निकालें



मैं यह प्रस्ताव करना चाहता हूं कि नई सरकार द्वारा निर्धारित सबसे खराब एक फीसदी नियुक्त न्यायाधीशों को हर साल निकाल दिया जाए। इससे सबसे भ्रष्ट और सबसे कम सक्षम लोग बाहर हो जाएंगे।

-एलन मास्क, उद्योगपति

### बहुत खुश हूं



मेरी फिल्म द सिग्नेचर के लिए ओटीटी सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीतने की खुशी है। धन्यवाद, इस सम्मान को मैं केसी बोकाडिया, गजेंद्र अहिरे और मेरे साथी अभिनेताओं और तकनीशियनों के साथ साझा करता हूं। धन्यवाद, जय हो।

-अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर

# नेतन्याहू पर संघर्ष विराम आगे बढ़ाने का दबाव



हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की हालत दयनीय होने संबंधी नए विवरण सामने आने के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर गाजा के साथ किए गए संघर्ष विराम समझौते को आगे बढ़ाने का दबाव बढ़ गया है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने उस रुख पर कायम हैं कि अमेरिका फलस्तीनी क्षेत्र पर कब्जा करेगा। संघर्ष विराम की दूसरे चरण की वार्ता तीन फरवरी से शुरू होनी थी लेकिन इजराइल तथा हमास के बीच कोई खास प्रगति नहीं हुई है, जबकि इजराइली सेनाएं समझौते के तहत रविवार को गाजा गलियारे से हट गई हैं। नेतन्याहू ने वार्ता में मध्यस्थता कर रहे एक प्रतिनिधिमंडल को कतर भेजा था लेकिन इस प्रतिनिधिमंडल में उच्च स्तर के अधिकारी शामिल नहीं थे जिससे ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि इस चरण में कोई सफलता नहीं मिलेगी। नेतन्याहू हाल में ट्रंप से मुलाकात के लिए अमेरिका गए थे। माना जा रहा है कि वह इस मसले पर मंगलवार को अपने मंत्रियों के साथ एक अहम बैठक कर सकते हैं। इस बीच, ट्रंप ने रविवार को गाजा पट्टी पर नियंत्रण करने की अपनी प्रतिज्ञा दोहराई।

## ऑफ बीट

# आस्ट्रेलिया में खिला सड़े शव की दुर्गंध वाला फूल

ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में सड़े हुए शव की दुर्गंध वाला दुर्लभ फूल खिला है। तीन महीनों में इस तरह के फूल के खिलने का यह तीसरा मौका है।



ऑस्ट्रेलियन नेशनल बॉटैनिक गार्डन में यह फूल शनिवार को पहली बार खिला और सोमवार तक मुरझाने की प्रक्रिया में था। इससे पहले, जनवरी के अंत में सिडनी के रॉयल बॉटैनिक गार्डन और नवंबर में मेलबर्न के पास गीलॉन्ग बॉटैनिक गार्डन में भी ऐसा ही फूल खिला था। कॉर्प्स फ्लावर का वैज्ञानिक नाम अमोर्फोफैलस टाइटेनियम है। यह फूल इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा के वर्षावनों में पाया जाता है। यह प्राकृतिक रूप से सात से दस साल में एक बार खिलता है और कुछ ही दिनों तक खिला रहता है। इसकी तेज दुर्गंध सड़े हुए मांस जैसी होती है जो मक्खियों और अन्य परागण करने वाले कीटों को आकर्षित करती है। कैनबरा की कार्यकारी नर्सरी प्रबंधक कैरोल डेल ने कहा कि इस फूल के खिलने के पीछे कोई स्पष्ट कारण नहीं है। उन्होंने बताया कि यह फूल तब खिलता है जब पौधा अपने भूमिगत कंद (कॉर्म) में पर्याप्त ऊर्जा जमा कर लेता है। उन्होंने कहा कि एक सिद्धांत यह है कि ऑस्ट्रेलिया में उगाए गए इन सभी पौधों की उम्र लगभग समान है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# 'डीडीएलजे' थीम पर रिलीज होगा 'कम फॉल इन लव'

**मुंबई।** यश राज फिल्म कंपनी के बैनर तले बनी फिल्म 'दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे'के 30 साल पूरे हो रहे हैं। इस फिल्म के कई सीन यूके में शूट किए गए थे, जिसमें रेल यात्रा वाले रोमांस को भी दिखाया गया था। इसी से संबंधित ब्रिटेन रेलवे और यशराज फिल्म ने हाथ मिलाया है। वैलेंटाइन डे के मौके पर ब्रिटेन रेलवे और यशराज फिल्म ने सांस्कृतिक सहयोग की घोषणा की, जिसमें यश राज फिल्म्स 'डीडीएलजे' फिल्म का एक संगीत रूपांतरण कर रहा है, जिसका शीर्षक है- 'कम फॉल इन लव- द डीडीएलजे म्यूजिकल'। इसे 29 मई 2025 को मैनचेस्टर ओपेरा हाउस में रिलीज किया जाएगा और 21 जून तक चलाया जाएगा।

## लाइफ Style



# आलिया
## नया फिटनेस वीडियो हुआ वायरल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस आलिया भट्ट फिटनेस फ्रीक हैं और उन्हें खुद को फिट रखना बहुत पसंद है। अक्सर एक्ट्रेस को जिम के बाहर देखा गया है और उन्होंने फैंस को मोटिवेट करने के लिए फिटनेस वीडियो भी शेयर किए हैं। एक बार फिर आलिया ने कुछ ऐसा ही किया है जब उन्होंने एक टफ वर्कआउट का वीडियो शेयर किया। इसमें हम उन्हें जमकर पसीना बहाते हुए देख सकते हैं।

फैंस के रिएक्शन के साथ यह वीडियो जमकर वायरल हो गया है। आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें हम उन्हें जिम में वर्कआउट करते हुए देख सकते हैं। कैप्शन में लिखा है, 'संघर्ष जरूरी है।' कई फैंस ने दिल वाले इमोजी बनाए। एक ने लिखा- अब फिटनेस पर वापस आ गए हैं। एक ने कहा- सबसे मेहनती एक्ट्रेस। एक ने तो कह दिया- आप लगती ही नहीं कि एक बच्ची की मां हैं। आलिया भट्ट आखिरी बार 'जिगरा' में वेदांग रैना के साथ नजर आई थीं। उन्होंने 'लव एंड वॉर' के अलावा किसी भी नए प्रोजेक्ट की घोषणा नहीं की है। आलिया भट्ट इन दिनों रणबीर कपूर और विक्की कौशल के साथ अपनी अगली फिल्म 'लव एंड वॉर' की शूटिंग कर रही हैं। हाल ही में पिंकविला से बातचीत में विक्की ने आलिया और रणबीर के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। उन्होंने कहा था, 'मुझे उन दोनों के साथ बहुत कंफर्टेबल फील होता है। मैं रणबीर के साथ अपनी दूसरी फिल्म कर रहा हूं। मैंने उनके साथ संजू की। आलिया के साथ मैंने राज़ी की, इसलिए दोनों टैलेंटेड एक्टर्स के साथ काम करना बहुत आसान है। मुझे यह कहने की ज़रूरत भी नहीं है।'

## हॉलीवुड मसाला

# स्टंट के दौरान हुए थे बेहोश



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे फिल्म 'मिशनः इम्पॉसिबल- द फाइनल रेकनिंग' में एक उल्टे विमान से लटके हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि निर्देशक क्रिस्टोफर मैकक्वेरी इस साहसिक स्टंट को फिल्मा रहे हैं। क्लिप के कैप्शन में टॉम ने लिखा, 'हैंग ऑन...'। बाद में उन्होंने खुलासा किया कि स्टंट करते समय वे बेहोश हो गए थे। उन्होंने बताया, 'जब आप अपना चेहरा बाहर निकालते हैं, 120 से 130 मील प्रति घंटे की रफ्तार से चलते हैं तो आपको ऑक्सीजन नहीं मिल पाती।'

# शिल्पा के साथ शीरन ने मचाया धमाल



**मुंबई।** जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर की फिल्म 'देवरा'का गाना चुट्टामल्ले, जो शिल्पा राव द्वारा गाया गया है। इस गाने को अनिरूद्ध रविचंदन ने संगीतबद्ध किया है। यह गाना चर्चा में तब आया, जब अपने भारत दौरे के समय ब्रिटिश पॉप गायक एड शीरन ने बैंगलुरू के कॉन्सर्ट में इसे गाया। इस तेलुगु गाने को गाकर, शीरन ने लोगों को चौंका दिया। हालांकि, इस गीत को गाने में शीरन का साथ गायिका शिल्पा राव ने दिया। एड शीरन के तेलुगु में गाए 'चुट्टामल्ले'गाने ने प्रशंसकों को उत्साह से भर दिया, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है, जो प्रशंसकों द्वारा शेयर किया गया है। हाल ही में एड शीरन का एआर रहमान के साथ भी एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें वह, रहमान के साथ 'उर्वशी-उर्वशी' गाना गाते दिख रहे था। आपको बताते चले कि तेलुगु गाने से पहले, पिछले साल शीरन ने पंजाबी गाना गाने का भी प्रयास किया था, जिसने उनके फैंस को चौंका दिया था।

**अब छोटे पर्दे पर धमाल मचाएगी कल्कि : मुंबई।** प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी सिनेमाघरों और ओटीटी पर धमाल मचाने के बाद अब छोटे पर्दे पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। जी सिनेमा ने आधिकारिक तौर पर इस बात की घोषणा की है। इस फिल्म का हिंदी संस्करण 16 फरवरी को रात 8 बजे टेलीविजन पर प्रसारित होगा। कल्कि 2898 एडी ने अपनी शानदार कास्ट, भव्य विजुअल्स और दमदार कहानी की वजह से सिनेमाघरों में जबर्दस्त सफलता प्राप्त की थी। फिल्म के प्रभावशाली किरदार, विशेषकर प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दीपिका पादुकोण की जबर्दस्त एक्टिंग ने दर्शकों का दिल जीता लिया था।

# 64 साल के हीरो की फिल्म बनी 2025 की पहली ब्लॉकबस्टर

*नई दिल्ली। 64 साल का फिल्म का हीरो. फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपए। लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 250 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है। यही नहीं, इस हीरो की ये फिल्म भारतीय सिनेमा की साल 2025 की पहली ऐसी फिल्म रही है जो ब्लॉकबस्टर कहलाई। ये फिल्म बॉलीवुड से तो कतई नहीं है। और तो और, इस फिल्म के जो हीरो हैं, ये फिल्म उनके कॅरियर की सबसे कामयाब फिल्म भी बन गई है। ये फिल्म है संक्रांतिकी वस्तुनम। जो संक्रांति के मौके पर रिलीज हुई थी।*



***लीड रोल में हैं वेंकटेश :*** *संक्रांतिकी वस्तुनम में वेंकटेश लीड रोल में हैं, जबकि फिल्म का निर्देशन अनिल रविपुडी ने किया है। इस तेलुगू फिल्म में वेंकटेश के अलावा मीनाक्षी चौधरी, ऐश्वर्या राजेश, श्रीनिवास रेड्डी और साई कुमार हैं। संक्रांतिकी वस्तुनम एक मिड बजट फिल्म थी, लेकिन यह 2025 की भारतीय सिनेमा की पहली ऐसी ब्लॉकबस्टर बनी जिसने 250 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार किया। फिल्म को देश और विदेश दोनों ही जगह अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।*

# तेजस्वी से हारे चंदन, आयशा की वाइल्ड कार्ड एंट्री ...



**नई दिल्ली।** 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' जनवरी 2025 में शुरू हुआ है। इस शो का पहला एविक्शन हुआ। कपिल शर्मा के शो से फेमसे हुए कॉमेडियन चंदन प्रभाकर को शुक्रवार को एविक्ट कर दिया गया। वो एविक्शन चैलेंज में तेजस्वी प्रकाश से हार गए थे। अब शो में बॉलीवुड एक्ट्रेस आयशा जुल्का ने वाइल्ड कार्ड एंट्री ली है। शो के कई प्रोमो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। सोनी टीवी पर टेलीकास्ट हो रहे 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में पिछले हफ्ते दर्शकों को खूब सारा ड्रामा देखने को मिला। किचन में कंटेस्टेंट्स के बीच लड़ाई से लेकर टीमों के बीच तनाव तक, काफी कुछ हुआ। सभी टास्क पार करते हुए गौरव खन्ना और निक्की तंबोली खुद को बॉटम 2 में आने से बचाने में कामयाब रहे, लेकिन तेजस्वी प्रकाश और चंदन प्रभाकर पीछे रह गए। इस शो में चंदन प्रभाकर पहले हफ्ते में सभी को इंप्रेस करने में विफल रहे। उन्हें शेफ ने सेफ खेलने की कोशिश करने के लिए फटकारा भी था। दूसरे हफ्ते चंदन में अच्छा परफॉर्म किया। हफ्ते की शुरुआत में सबसे बेहतरीन डिश बनाई, लेकिन टीम चैलेंज के दौरान वो एक बार फिर खतरे में आ गए। किचन में आखिरी टास्क के लिए चंदन को दुनिया की सबसे तीखी मिर्च के साथ कुछ बनाना था और दुर्भाग्य से वो सक्सेसफुल नहीं हो सके। इस कारण उन्हें शो से बाहर होना पड़ा। अब इस शो में वाइल्ड कार्ड एंट्री होने वाली है।

# कोई सफाई नहीं दूंगा, मुझे मजाक करना नहीं आता

**नई दिल्ली।** यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने हाल ही में शो 'इंडिया गॉट लेटेंट' में परिवार पर विवादित टिप्पणी की। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। रणवीर के अलावा कॉमेडियन समय रैना व अपूर्व मखीजा के खिलाफ भी शिकायत दर्ज हुई है। उन पर 'इंडिया गॉट लेटेंट' में विवादित टिप्पणी का आरोप है। अपनी कथित अश्लील टिप्पणी पर विवाद बढ़ता देख रणवीर ने अब माफी मांगी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया है। इसमें माफी भी वे पूरी अकड़ के साथ मांगते दिख रहे हैं। रणवीर इलाहाबादिया ने अपने एक्स अकाउंट (पूर्व में ट्विटर) से एक वीडियो जारी किया है। इसमें वे माफी तो मांगते दिख रहे हैं, लेकिन उनका अंदाज ऐसा है, जैसे उन्होंने जो कहा उसका उन्हें कोई अपराधबोध नहीं।




epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 पता TANGO SECURITY PVT. LTD. ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.- 8109070600, 7869230888.(RO-2476)

आवश्यकता है- कम्प्युटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं- स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन योम्यतानुसार संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल: - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- होलसेल रेडीमेड कपड़े की दुकान में कार्य करने हेतु लड़के / लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क करें, जय स्पोर्ट्स तनिष्क शोरूम के पीछे पंडरी रायपुर 7587145990 (RO-339)

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिकल एंड हार्डवेयर की दुकान में कार्य करने लड़के/लड़कियों एवं ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार गुरुनानक इलेक्ट्रिकल एंड हार्डवेयर गुरुद्वारा रोड श्यामनगर तेलीबांधा रायपुर. 9893332145 (RO-7446)

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, रायपुर) मे बिलिंग (TALLY) के लिए लड़का / लड़की की आवश्यकता है मो.7067048454. (RO-6217)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**सिविल सुपरवाइजर**

REQUIRED
CIVIL SUPERVISOR
For a construction co. & experience preferred
SRISHTI 25 YEARS OF TRUST
9755135877
6260178752
sansarbuildcon@gmail.com

**सेल्स एक्जीकेटिव**

आवश्यकता है- सेल्स एग्जीक्यूटिव की आवश्यकता है कार्य स्थल गीदम, दंतेवाड़ा, कांकेर, बीजापुर वेतन 30,000 तक + टी.ए, डी.ए स्थानीय को प्राथमिकता Send CV Whatsapp 9685946665 इमदाडी सेल्स रायपुर (RO-6216)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- कार, टाटा एस ड्राइवर + हैल्पर, हमाल, पैकिंग लड़के, डिलीवरी ब्वॉय की आवश्यकता है। संपर्क- गोकुल सुपर बाजार, पंडरी, रायपुर मो.- 7489770673, 9826183500. (RO-951)

आवश्यकता है- तेलीबांधा के पास ऑटोमेटि कार चलाने के लिए अनुभवी घरेलू ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन -14000/- 11 घंटे ड्यूटी संपर्क करें- 9754160228. (RO-7202)

**डेन्टल असिस्टेंट**

आवश्यकता है- साड़ी मोहबा बाजार स्थित डेंटल क्लीनिक में Trained Dental assistants' एवं Computer operator की आवश्यकता है संपर्क करें:- 8889767373. (RO-3280)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**हेल्पर/मैकेनिक**

आवश्यकता है- रायपुर स्थित सर्विस सेंटर को फ्रिज तथा ए.सी. सुधार के लिए चाहिए हेल्पर- 4 पद, मैकेनिक- 2 पद काम सीखने के इच्छुक भी संपर्क करें मो. 9893210882. (RO-3281)

**प्यून**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य के हेतु (प्यून ) ,साफ - सफाई एवं कार वाशिंग के लिए लड़के की आवश्यकता है। संपर्क करें:- आकाश गंगा सुपेला, भिलाई। मो. 98278-06026, 82250-22889 (आरो न.-7161)

**सेल्स मैनेजर/एक्जीकेटिव**

आवश्यकता है- सीनियर सेल्समैनेजर - 4 (ऑटोमोबाइल प्राथमिकता) सेल्स एग्जीक्यूटिव - 4 टेलीकालर (म/पु) अनुभवी 4 गार्ड, चौकीदार, चपरासी- 4 ड्राइवर घरेलू ऑटोमेटिक कार चलाना आता हो शराबी न हो-2 कुक महिला घरेलू अनुभवी-2 अच्छे लोगों को रहने रूम. व्हाट्सएप में रिज्यूम भेजें और मिलें रिलेक्टो इवी, सोनडोंगरी, रिंगरोड-2, आयशर शोरूम के आगे हीरापुर रायपुर 6266919195/93. (RO-3273)

**खाना मिस्त्री**

आवश्यकता है- फैक्ट्री मेस कैन्टीन में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, काउन्टर में खाना देने एवं बर्तन धोने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा। पता- बिलासपुर 9993334937, 8871824812. (RO-36757)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- आगरा में रहकर ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र संपर्क करें- 8937847856, 6395268809.(RO-301)

आवश्यकता है- शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 तक अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता है , योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन -10000 रहना खाना फ्री , ट्रेनिंग के बाद कमाए 20 से 25 हजार महीना 8871422576, 9981576163. (RO-302)

**टीचर**

आवश्यकता है- लेडी इंचार्ज, क्लर्क, हिंदी- इंगलिश टाईपिंग, कम्प्यूटर टीचर, अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम- एसएसटी, इंगलिश, साइंस, पढ़ाने हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओं, ड्राईवर, वेल्डर की आवश्यकता। साक्षात्कार 13.02.2025 प्रातः 9:30बजे, रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानी टंकी पास खमतराई, 9826198065, 07712252855. (RO-6968)

Requirment- Looking for Qualified Teacher who can Teach 10-12th PCM CBSE syllabus based at Bhilai. College topper preferred, PG, BE, BTECH Student can Also Apply. Outstanding salary. Contact enquiry@asnand.com WhatsApp 7803898054 (RO-42214)

**दुकान/टैली कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में काम करने हेतु युवकों एवं कंप्यूटर (टेली ,अकाउंट) हेतु युवतियों की आवश्यकता है,वेतन योग्यतानुसार। संपर्क - नरूला ट्रेडर्स, एम.जी. रोड,रायपुर । मोबाइल - 9425147854. (RO-meeth)




**इवेन्ट प्लानर**

Requirment- Shiba Creative (SC) is a leading Event Management company in central India.We are looking for Female Event planner role based in Bhilai. Salary in 5 figures. Please contact us at enquiry@asnand.com and WhatsApp 07803898054 (RO-42209)

**अन्य**

आवश्यकता है- पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898.(RO-3275)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 8918984004.(RO-3262)

**Property प्रापर्टी**

**भूमि**

भूमि बेचना है- अंजोरा से 6 कि. मी., ग्राम भरदा पिकनिक स्पॉट से मात्र 3 कि.मी. ग्राम बिरेझर में फॉर्म हाऊस के लिए प्लॉट उपलब्ध है। सम्पर्क :- 99814 23470.(आरो 670)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**वाहन**

वाहन बेचना है- 2 कॉमर्शियल टोयोटा इटिऑस और 1 प्राइवेट डस्टर बेहतरीन कंडीशन में (वेल मेन्टेन्ड) शीघ्र बेचनी है संपर्क करें- देव ट्रेवल कर रेंटल सर्विस, रायपुर मोबाइल- 8959910211.(RO-1631)






**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

# Healthcare






# टैरिफ वॉर से रुपए में ऐतिहासिक गिरावट, महंगाई में आ सकता है उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ वॉर दुनियाभर के देशों और उनकी करेंसी को प्रभावित कर रही है। सोमवार को भारतीय रुपया 44 पैसे गिरकर 87.9400 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गया। बताया जा रहा है कि ये गिरावट, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के स्टील और एल्यूमिनियम इंपोर्ट पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने के ऐलान की वजह से हुआ है। रुपए में गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार में भी बड़ी गिरावट देखी जा रही है। खासतौर से मेटल सेगमेंट के शेयरों में भारी गिरावट देखी जा रही है।

## भारतीय रुपया 44 पैसे गिरकर 87.94 प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर

### आयातित वस्तुओं की लागत बढ़ जाएगी

डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट की वजह से आम आदमी की जेब पर सीधा असर पड़ेगा। दरअसल, रुपए के कमजोर होने से आयातित वस्तुओं की लागत बढ़ जाएगी, जिससे देश में महंगाई बढ़ने की आशंका है। अगर डॉलर महंगा होता है, तो वस्तुओं के आयात पर अधिक रुपए खर्च करने होंगे। रुपए की गिरावट से पेट्रोलियम उत्पादों का आयात महंगा हो जाएगा, जिससे पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ सकती हैं।



### इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के दाम बढ़ सकते हैं

कमजोर रुपए के कारण मोबाइल फोन, टीवी, फ्रिज और एसी जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के दाम बढ़ सकते हैं। इसके अलावा, आयातित कच्चा माल महंगा होने से उत्पादन लागत बढ़ेगी, जिसका असर उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। वहीं, विदेश में पढ़ाई करने वाले छात्रों और विदेश यात्रा करने वालों के लिए ट्यूशन फीस और रहने का खर्च भी बढ़ जाएगा।

### प्रॉफिट मार्जिन पर दबाव आएगा

रुपए की गिरावट की वजह से आयात पर निर्भर बिजनेस के लिए चुनौती बढ़ेगी, क्योंकि इनपुट कॉस्ट बढ़ने से प्रॉफिट मार्जिन पर दबाव आएगा। विदेशी मुद्रा में कर्ज लेने वाली कंपनियों को भुगतान की अधिक लागत चुकानी पड़ेगी। हालांकि, निर्यात करने वाले व्यवसायों को कुछ लाभ हो सकता है, खासकर आईटी, फार्मा और जेम्स और ज्वैलरी जैसे क्षेत्रों को इसका लाभ हो सकता है, क्योंकि इन्हें विदेशों से डॉलर में पेमेंट आती है।

## अमेरिका आने वाले किसी भी इस्पात पर 25 फीसदी शुल्क लगेगा

# राष्ट्रपति ट्रंप की इस्पात, एल्युमीनियम पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की चेतावनी

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह कनाडा तथा मेक्सिको सहित इस्पात और एल्यूमीनियम के सभी आयातों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की सोमवार को घोषणा करेंगे। साथ ही इस सप्ताह के अंत में अन्य आयात शुल्क भी लगाए जाएंगे। सुपर बाउल में हिस्सा लेने के लिए फ्लोरिडा से न्यू ऑरलियन्स जाते समय विमान 'एयर फोर्स वन में' रविवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, ''अमेरिका में आने वाले किसी भी इस्पात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगेगा।'' एल्युमिनियम के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''एल्युमीनियम भी '' व्यापार दंड के अधीन होगा।

■ एल्युमीनियम भी व्यापार दंड के अधीन होगा

## इस सप्ताह के अंत में अन्य आयात शुल्क भी लगाए जाएंगे

### पारस्परिक शुल्क की बात दोहराई

ट्रंप ने ''पारस्परिक शुल्क'' की घोषणा करने की बात भी दोहराई जिसका मतलब है कि अमेरिका उन उत्पादों पर आयात शुल्क लगाएगा जहां किसी अन्य देश ने अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाया है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, '' यदि वे हमसे 130 प्रतिशत शुल्क ले रहे हैं और हम उनसे कुछ भी शुल्क नहीं ले रहे हैं, तो अब यह स्थिति ऐसी नहीं रहेगी।''



### कोरिया कर रहा समीक्षा

इस बीच, दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक ने देश के शीर्ष विदेश नीति एवं व्यापार अधिकारियों की सोमवार को बैठक बुलाई, जिसमें इस बात पर गौर किया गया कि इस्पात और एल्युमीनियम पर ट्रंप के प्रस्तावित शुल्क से उनके उद्योगों पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

### अमेरिका को बजट घाटा कम करने में मदद मिलेगी

गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने पहले भी कई बार कहा है कि वह आयात करों को आव्रजन जैसे मुद्दों पर रियायतें दिलाने के साधन के साथ ही इसे सरकार के बजट घाटे को कम करने में मदद करने वाले राजस्व के स्रोत के रूप में भी देखते हैं।

### अमेरिका शुल्क प्रतिस्पर्धा को बढ़ाएगा

ट्रंप ने रविवार को कहा कि वह इस्पात और एल्युमीनियम आयात के लिए नए शुल्क की घोषणा करेंगे। इसके अलावा ट्रंप प्रशासन किसी भी देश की तरफ से अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क लगाए जाने पर उसके खिलाफ आयात शुल्क लगाने जा रहा है।

### द. कोरिया ने 2024 में 4.8 अरब डॉलर का इस्पात भेजा

दक्षिण कोरिया ने 2024 में जनवरी से नवंबर के बीच अमेरिका को करीब 4.8 अरब अमेरिकी डॉलर का इस्पात भेजा, जो इस अवधि के दौरान उसके वैश्विक निर्यात का 14 प्रतिशत था।

### भारतीय इस्पात उत्पादकों की चुनौतियां बढ़ेंगी : मूडीज

मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सभी इस्पात एवं एल्युमीनियम आयात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा के बाद भारतीय इस्पात उत्पादकों को अपने उत्पादों के निर्यात में अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

### अमेरिका के इस्पात उद्योग को होगा फायदा

मूडीज रेटिंग्स के सहायक उपाध्यक्ष हुइ तिंग सिम ने कहा कि पिछले 12 महीनों में भारत में इस्पात के अधिक आयात ने पहले ही देश के इस्पात उत्पादकों की कीमतों और कमाई को घटा दिया है। मूडीज ने उम्मीद जताई है कि ट्रंप प्रशासन के नए कदम से घरेलू इस्पात की मांग बढ़ेगी और बिक्री कीमतें बढ़ने से अमेरिका के इस्पात उत्पादकों को फायदा होगा।

# सरकार ने मानव बालों के निर्यात पर लगाया प्रतिबंध

## प्रतिबंध 65 डॉलर प्रति किग्रा से कम कीमत वाले मानव बालों पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने सोमवार को 65 डॉलर प्रति किलोग्राम से कम कीमत वाले अपरिष्कृत मानव बालों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। सरकार ने जनवरी, 2022 में इन निर्यातों पर अंकुश लगाया था।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना में कहा, ''अपरिष्कृत मानव बालों की निर्यात नीति को अंकुश से संशोधित कर प्रतिबंधित कर दिया गया है। हालांकि, अगर निर्यात मूल्य 65 डॉलर प्रति किलोग्राम या उससे अधिक है, तो निर्यात किया जा सकता है।''

म्यांमा और चीन जैसे देशों में अपरिष्कृत मानव बालों की तस्करी की खबरों के बाद यह निर्णय लिया गया, जिससे स्थानीय उद्योगों और



निर्यात को नुकसान हो रहा था। भारत में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु के अलावा पश्चिम बंगाल इस उद्योग का प्रमुख केंद्र है। भारत के प्रमुख प्रतिस्पर्धी चीन, कंबोडिया, वियतनाम और म्यांमा हैं। भारत में दो तरह के बाल एकत्र किए जाते हैं - रेमी और नॉन-रेमी बाल। रेमी बाल, सबसे अच्छी श्रेणी के होते हैं, जिन्हें मंदिरों से एकत्र किया जाता है, जहां तीर्थयात्री धार्मिक मान्यता के तहत अपने बाल दान करते हैं। इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से विग बनाने के लिए किया जाता है।

### निर्यात मुख्य रूप से म्यांमा को

नॉन-रेमी बाल गांवों और शहरों से एकत्र किया जाता है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान निर्यात 12.39 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह आंकड़ा 12.4 करोड़ डॉलर था। इसे मुख्य रूप से म्यांमा को निर्यात किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### यूरेका फोर्ब्स के शुद्ध लाभ में 52.5 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधित उत्पाद बनाने वाली कंपनी यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 52.5 प्रतिशत बढ़कर 35.03 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी को 22.97 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

### आयशर मोटर्स के लाभ में 18 प्रतिशत का इजाफा



**नई दिल्ली।** आयशर मोटर्स का 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़कर 1,171 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 996 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। आयशर मोटर्स ने बयान में कहा कि दिसंबर तिमाही में उसका परिचालन राजस्व बढ़कर 4,973 करोड़ रुपये हो गया।

### क्वालिटी पावर के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा तय



**नई दिल्ली।** ऊर्जा पारेषण उपकरण एवं बिजली प्रौद्योगिकी कंपनी क्वालिटी पावर ने अपने 859 करोड़ रुपये आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 401-425 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी के अनुसार, आईपीओ 14 फरवरी को खुलेगा और 18 फरवरी को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 13 फरवरी को बोली लगा पाएंगे।

### नेशनल फर्टिलाइजर्स का लाभ 70 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर में समाप्त तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 70 प्रतिशत घटकर 45.81 करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 150.90 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### जिलेट इंडिया का शुद्ध लाभ बढ़कर 21 फीसदी



**नई दिल्ली।** शेविंग उत्पाद बनाने वाली कंपनी जिलेट इंडिया लिमिटेड का दिसंबर, 2024 को समाप्त दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 21.18 प्रतिशत बढ़कर 125.97 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। जिलेट इंडिया लि. जुलाई-जून के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। कंपनी को इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 103.95 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था।

### आईएचसीएल मुंबई में होटल पर 2500 करोड़ करेगी निवेश



**मुंबई।** टाटा समूह द्वारा संचालित इंडियन होटल्स लि. (आईएचसीएल) मुंबई में 330 कमरों वाला एक नया होटल बनाने के लिए 2,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। आईएचसीएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पुनीत चटवाल ने कहा कि 'ताज बैंडस्टैंड' नामक नये होटल का निर्माण इस वर्ष शुरू होगा और इसे पूरा होने में तीन साल से अधिक का समय लगेगा।

## नई चेतावनी से निवेशकों का भरोसा हुआ कमजोर

# ट्रंप की धमकी से सहमा शेयर बाजार सेंसेक्स 548 अंक और लुढ़का

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 548 अंक लुढ़क गया। अमेरिका की शुल्क लगाने की नई चेतावनी से निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ और बैंक, धातु तथा पेट्रोलियम शेयरों में बिकवाली हुई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 548.39 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ एक सप्ताह के निचले स्तर 77,311.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 753.3 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 178.35 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,381.60 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिका की



शुल्क लगाने की नई चेतावनी का बाजार धारणा पर असर जारी है। निवेशक सतर्क रुख अपनाते हुए अपना पैसा सोने जैसे सुरक्षित निवेश उत्पादों में लगा रहे हैं।''

सेंसेक्स के तीस शेयरों में से पावर ग्रिड, टाटा स्टील, जोमैटो, टाइटन, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और टाटा मोटर्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं।

### निवेशकों को 7.68 लाख करोड़ रुपए का नुकसान

शेयर बाजार में चार दिन से जारी गिरावट से निवेशकों को 7.68 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और शुल्क को लेकर चिंता से बाजार धारणा प्रभावित हुई।बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7,68,252.32 करोड़ रुपये घटकर 4,17,82,573.79 करोड़ रुपये पर आ गया।

### निवेशकों को 7.68 लाख करोड़ रुपए का नुकसान

शेयर बाजार में चार दिन से जारी गिरावट से निवेशकों को 7.68 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और शुल्क को लेकर चिंता से बाजार धारणा प्रभावित हुई।बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7,68,252.32 करोड़ रुपये घटकर 4,17,82,573.79 करोड़ रुपये पर आ गया।

# अदाणी समूह ने की मेयो क्लिनिक के साथ साझेदारी

**अहमदाबाद।** अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने अदाणी हेल्थ सिटी (एएचसी) एकीकृत स्वास्थ्य परिसरों के शुभारंभ की घोषणा की है, जिसे समूह की गैर-लाभकारी स्वास्थ्य सेवा शाखा के माध्यम से कार्यान्वित किया जाएगा। गौतम अदाणी के 'सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमार्थ है' के सामाजिक दर्शन के अनुरूप, अदाणी परिवार पूरे भारत में समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए सस्ती, विश्व स्तरीय चिकित्सा देखभाल और चिकित्सा शिक्षा लाने की लागत पूरी तरह से वहन करेगा। अडानी परिवार अहमदाबाद और मुंबई में इन पहले दो एकीकृत स्वास्थ्य परिसरों के निर्माण के लिए 6,000 करोड़ रुपये से अधिक का दान देगा। गौतम अडानी



की भारत भर के शहरों और कस्बों में ऐसे और अधिक एकीकृत अडानी हेल्थ सिटी बनाने की योजना है। इन एकीकृत एएचसी परिसरों में से प्रत्येक में 1,000 बिस्तरों वाले मल्टी-सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल, 150 स्नातक, 80+ निवासियों और 40+ फेलो के वार्षिक प्रवेश के साथ मेडिकल कॉलेज, स्टेप-डाउन और संक्रमणकालीन देखभाल सुविधाएं और अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाएं शामिल होंगी।

### मेयो क्लिनिक

मेयो क्लिनिक स्वतंत्र स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को, चाहे वे कहीं भी स्थित हों, अपनी विशेषज्ञता प्रदान करता है। मेयो क्लिनिक कार्यक्रम संलग्नताओं को डिजाइन करके एक अनुरूप दृष्टिकोण प्रदान करता है जो ग्राहकों को उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए सही विशेषज्ञों से सही उत्तर प्राप्त करने में मदद करता है।

### हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज का आईपीओ 12 को खुलेगा

**जयपुर।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 12 फरवरी को खुलेगा। आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 674-708 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी के बयान के अनुसार, आईपीओ 14 फरवरी को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 11 फरवरी को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे।

## सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी बर्जर पेंट्स

**कोलकाता।** बर्जर पेंट्स लिमिटेड की चेयरमैन रिश्मा कौर ने सोमवार को कहा कि कंपनी 'टिकाऊ' विकास और रणनीतिक विस्तार पर ध्यान केंद्रित करते हुए भरोसे और नवाचार की अपनी प्राचीन विरासत को आगे बढ़ाना जारी रखेगी। कौर ने कहा कि कंपनी किसी भी अधिग्रहण के प्रति सतर्क रुख बनाए हुए है। जब उनसे पूछा गया कि कंपनी ने अक्ज़ो नोबल के पेंट कारोबार के लिए बोली क्यों नहीं लगाई, जो भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका में बिक्री के लिए है, तो बर्जर पेंट्स की चेयरमैन ने बताया कि ''मौजूदा परिस्थितियों में, यह हमारी रणनीति के अनुरूप नहीं है। इसलिए, हमने अभी तक कोई बोली नहीं लगाई है।'' कौर ने कहा, ''हमारे पास अपनी योजनाएं हैं, चाहे प्रतिस्पर्धा अधिक हो या कम। हम इससे व्यवस्थित तरीके से निपटेंगे।

## बिजनेस साइट

### सिंघानिया बिल्डकॉन: हर्षित लैंडमार्क में 'गृह प्रवेश 2025' फेस्ट 14 फरवरी से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में रियल एस्टेट के क्षेत्र में एक प्रमुख ब्रांड सिंघानिया बिल्डकॉन अपने ड्रीम प्रोजेक्ट हर्षित लैंडमार्क में 14 से 16 फरवरी तक 'गृह प्रवेश 2025 फेस्ट' का आयोजन करने जा रहा है। यह आयोजन सिंघानिया बिल्डकॉन के 25 से अधिक रेजिडेंशियल और कमर्शियल प्रोजेक्ट्स में ग्राहकों से मिले प्यार और विश्वास को देखते हुए किया जा रहा है। हर्षित लैंडमार्क में ग्राहकों को 55 लाख रुपए से शुरू होने वाली कीमतों पर 3 और 4 बीएचके प्रीमियम फ्लैट, कमर्शियल शॉप्स और ऑफिस स्पेस रेडी-टू-पोज़ेशन उपलब्ध हैं। इस आयोजन के दौरान कई आकर्षक स्कीम लांच की गई हैं, जिनमें 100% बैंक फाइनेंस, 0% प्रोसेसिंग फीस और फ्री क्लब चार्ज जैसी सुविधाएं शामिल हैं। हर्षित लैंडमार्क की लोकेशन शहर के प्रमुख स्थानों के बहुत करीब है। यह एम्स हॉस्पिटल, एनआईटी, पं. दीनदयाल सभागार, पं. रविशंकर विश्वविद्यालय और अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के पास स्थित है, जहां पहले से ही 700 से अधिक परिवार लक्ज़री जीवनशैली का आनंद ले रहे हैं। इसके अलावा, यहां 24 घंटे पानी की सुविधा, स्ट्रीटलाइट, प्राकृतिक हरियाली से भरे गार्डन, कवर्ड बाउंड्रीवॉल और 24 घंटे सिक्योरिटी की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

■ हर्षित लैंडमार्क में प्रीमियम फ्लैट, कमर्शियल शॉप्स और ऑफिस उपलब्ध

### सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने 'एक्सप्रेशन ऑफ लव' का किया अनावरण

**नई दिल्ली।** सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने अपने नवीनतम अभियान 'एक्सप्रेशन ऑफ लव' का अनावरण किया है। इस अवसर पर सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की निदेशक जोइता सेन ने कहा कि हमारा नया वेलेंटाइन संग्रह 'एक्सप्रेशन ऑफ लव' शाश्वत डिजाइनों के माध्यम से इस सार को दर्शाता है, जो स्थायी बंधनों की सुंदरता का जश्न मनाता है। 'एक्सप्रेशन ऑफ लव' वेलेंटाइन कलेक्शन के लांच के साथ, सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने कालातीत आभूषण तैयार करने की अपनी विरासत को और भी मजबूत किया है। इस अभियान में फेसेट ऑफ लव कलेक्शन के जटिल डिजाइनों से लेकर बेरी लवली के जीवंत आकर्षण और आइस क्यूब प्रिंसेस कट सॉलिटेयर कलेक्शन के बोल्ड परिष्कार तक, हर एक कलेक्शन प्यार की विभिन्न अभिव्यक्तियों को प्रकट करता है।

## स्पोर्ट्स ड्रिंक को क्रिकेटर मुरलीधरन के साथ मिलकर बनाया

# रिलायंस का 'स्पिनर' के साथ स्पोर्ट्स ड्रिंक बाजार में कदम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लि. (आरसीपीएल) ने नया स्पोर्ट्स ड्रिंक 'स्पिनर' पेश किया है। इस 'स्पोर्ट्स ड्रिंक' को स्पिन के जादूगर और श्रीलंका के क्रिकेट खिलाड़ी मुथैया मुरलीधरन के साथ मिलकर बनाया गया है।

कंपनी ने शनिवार को बयान में कहा कि रिलायंस 'स्पिनर' की कीमत काफी कम रखी गयी है। डेढ़ सौ एमएल की बोतल केवल 10 रुपये में उपलब्ध होगी। यह कीमत बाजार में उपलब्ध अन्य प्रतिद्वंद्वी स्पोर्ट्स ड्रिंक्स जैसे पेप्सिको के गेटोरेड और कोका-कोला के पावरेड की तुलना में अपेक्षाकृत कम है। 500 मिलीलीटर की बोतल 50 रुपये में उपलब्ध हैं।

## रिलायंस स्पिनर की कीमत काफी कम रखी गई

### तीन साल में बाजार एक अरब डॉलर होगा

डेकाथलॉन के स्पोर्ट्स ड्रिंक एपटोनिया की 400 मिलीलीटर की बोतल की कीमत 99 रुपये है, हालांकि पोर्टल पर यह 69 रुपये में उपलब्ध है। कंपनी का दावा है कि अगले तीन साल में स्पोर्ट्स ड्रिंक का बाजार एक अरब डॉलर हो जाएगा और 'स्पिनर' इस बाजार में अगुवा होगा।



### ड्रिंक ने आईपीएल की टीमों से की साझेदारी

बयान के अनुसार, स्पोर्ट्स ड्रिंक 'स्पिनर' ने इंडियन क्रिकेट लीग यानी आईपीएल की कई टीमों के साथ साझेदारी की है। इनमें लखनऊ सुपर जायंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद, पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटन्स और मुंबई इंडियंस शामिल हैं।

### प्रभावी हाइड्रेशन पेय बनाया

'स्पिनर' के साथ, हमने एक किफायती और प्रभावी 'हाइड्रेशन' पेय बनाया है जिसका आनंद हर कोई ले सकता है, चाहे आप एक पेशेवर एथलीट हों या कोई ऐसा व्यक्ति जो 'हाइड्रेटेड' रहना चाहता हो। **ड्रिंक तीन स्वाद में उपलब्ध** _मोदी ने कहा, ''हम क्रिकेट के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन और आईपीएल टीमों के साथ साझेदारी में इस अभिनव उत्पाद को बाजार में लाने को लेकर खासे उत्साहित हैं।''

### हर भारतीय की पहुंच गुणवत्तापूर्ण उत्पादों तक हो

मुरलीधरन ने कहा, ''मैं रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के साथ इस रोमांचक उद्यम का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं...'स्पिनर' एक पासा पलटने वाला साबित होगा, जो हर भारतीय को ऊर्जावान और सक्रिय बने रहने में मदद करेगा।'' रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लि. के मुख्य परिचालन अधिकारी केतन मोदी ने कहा, ''हम मानते हैं कि हर भारतीय की पहुंच गुणवत्तापूर्ण उत्पादों तक होनी चाहिए।

# ब्रीट्जके के रिकॉर्ड शतक के बावजूद हारा दक्षिण अफ्रीका, फाइनल में पहुंचा न्यूजीलैंड

एजेंसी ▸▸ लाहौर


केन विलियमसन का नाबाद शतक दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके के रिकॉर्ड शतक पर भारी पड़ा। इससे न्यूजीलैंड ने सोमवार को यहां त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के मैच में छह विकेट की जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई।

दक्षिण अफ्रीका के 305 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने विलियमसन की 113 गेंद में नाबाद 133 रन की पारी की बदौलत 48.4 ओवर में चार विकेट पर 308 रन बनाकर जीत दर्ज की। विलियमसन का 2019 विश्व कप के बाद यह पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक है।

### 187 रन की साझेदारी

विलियमसन ने सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (97 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 187 रन की साझेदारी भी की। कॉनवे ने 107 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके और एक छक्का मारा।

### डेब्यू में 150+ रन बनाने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर



ब्रीट्जके पदार्पण करते हुए एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 रन के आंकड़े को छूने वाले पहले क्रिकेटर बने। इस महीने होने वाली चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल ब्रीट्जके ने 148 गेंद में 11 चौकों और पांच छक्कों से 150 रन की पारी खेली जिससे टीम ने छह विकेट पर 304 रन बनाए। वियान मुल्डर ने भी 60 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के से 64 रन का योगदान दिया। ब्रीट्जके ने वेस्टइंडीज के डेस्मंड हेन्स को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1978 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय पदार्पण करते हुए रिकॉर्ड 148 रन की पारी खेली थी।

### विलियमसन ने 113 गेंद में खेली नाबाद 133 रन की पारी

### 128 गेंद में जड़ा शतक

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका ने आठवें ओवर में कप्तान तेम्बा बावुमा (20) का विकेट गंवाया जिसके बाद ब्रीट्जके ने जेसन स्मिथ (41) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन जोड़कर पारी को संवारा और फिर वियान मुल्डर के साथ भी चौथे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की। ब्रीट्जके ने विल ओरोर्के पर स्क्वायर कट से चौका जड़कर 128 गेंद में शतक पूरा किया। उन्होंने अगली 20 गेंद में हेन्स के 47 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा।



### 4 खिलाड़ियों ने किया डेब्यू

ब्रीट्जके दक्षिण अफ्रीका के उन चार खिलाड़ियों में से एक थे जिन्होंने सोमवार को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। सात खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए इस सप्ताह के अंत में पाकिस्तान में टीम से जुड़ेंगे।

### अफ्रीका के चौथे बल्लेबाज

कोलिन इनग्राम, बावुमा और रीजा हेंड्रिक्स के बाद ब्रीट्जके पदार्पण मुकाबले में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ने वाले दक्षिण अफ्रीका के चौथे बल्लेबाज हैं। मैट हेनरी (59 रन पर दो विकेट) ने ब्रीट्जके को मिड ऑफ पर माइकल ब्रेसवेल के हाथों कैच कराके उनकी पारी का अंत किया। ओरोर्के ने भी 72 रन देकर दो विकेट चटकाए।

## खबर संक्षेप



### इंग्लैंड के क्रिकेटर बेथेल चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

**कटक।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर जैकब बेथेल हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं जिससे 19 फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में टीम की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने भारत के खिलाफ रविवार को यहां दूसरे वनडे में चार विकेट से हार के बाद इसकी पुष्टि की। बटलर ने संवाददाताओं से कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे पूरा यकीन है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाएगा। यह उसके लिए वास्तव में निराशाजनक है क्योंकि पहले वनडे में उसने अच्छा प्रदर्शन किया था। इसलिए यह निराशाजनक है कि उसे चोट के कारण बाहर होना पड़ रहा है।'

### पाकिस्तान घर में करेगा दमदार प्रदर्शन : शास्त्री

**दुबई।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि खतरनाक तेज गेंदबाजी आक्रमण और घरेलू परिस्थितियों में खेलने से मेजबान पाकिस्तान आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन कर सकता है, भले ही उसे सलामी बल्लेबाज सैम अयूब की कमी खलेगी। शास्त्री ने कहा, 'मेरा मानना है कि पाकिस्तान इस तरह की टीम है जिसने पिछले छह से आठ महीनों में सीमित ओवरों की क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है विशेष कर दक्षिण अफ्रीका में उसका प्रदर्शन बेहतरीन था।'

### जिल टीचमैन ने जीता मुंबई ओपन खिताब

**मुंबई।** मुंबई ओपन डब्लूटीए 125 सीरीज टेनिस टूर्नामेंट में जिल टीचमैन ने मनंचया सवांगकाउ को हराकर एकल खिताब जीता।



स्विट्जरलैंड की टीचमैन ने थाईलैंड की सवांगकाउ को 6-3, 6-4 से हराकर महिला एकल का खिताब जीता। महिला युगल के फाइनल में अंशबा और प्रिडैंकिना की जोड़ी ने थोम्बारे और हार्टोनो को 7-6 (4), 2-6, 10-7 से पराजित किया। एकल खिताब के विजेता ने 125 रैंकिंग अंक और 15,500 अमेरिकी डॉलर, जबकि युगल चैंपियन ने 125 रैंकिंग अंक मिले।

### रणजी ट्रॉफी : फॉर्म में वापसी करते हुए खेली 70 रन की पारी

# सूर्यकुमार फॉर्म में लौटे, मुंबई ने हरियाणा पर कसा शिकंजा

**मुंबई ने 292 रन की बनाई बढ़त, शार्दुल ने झटके 5 विकेट**

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फॉर्म में वापसी करते हुए 70 रन की पारी खेली और कप्तान अजिंक्य रहाणे (नाबाद 88) के साथ 139 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इससे गत चैंपियन मुंबई ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन सोमवार को यहां हरियाणा पर शिकंजा कस दिया। तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर (58 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी की मदद से मुंबई ने हरियाणा को पहली पारी में 301 रन पर आउट करके 14 रन की बढ़त हासिल की।

पहली पारी में 315 रन बनाने वाले 42 बार के चैंपियन मुंबई तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में 67 ओवर में चार विकेट पर 278 रन बनाए हैं और इस तरह से उसकी कुल बढ़त 292 रन की हो गई है। रहाणे ने हमेशा की तरह धैर्य पूर्ण बल्लेबाजी की। उन्होंने अभी तक 142 गेंद का सामना करके 10 चौके लगाए हैं। पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे सूर्यकुमार ने 86 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाए हैं। इन दोनों ने ऐसे समय में शतकीय साझेदारी निभाई जब मुंबई के तीन विकेट 100 रन पर निकल गए थे।



### विदर्भ ने तमिलनाडु पर बनाई 297 रन की बढ़त

**नागपुर।** विदर्भ के तेज गेंदबाज आदित्य ठाकरे ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में छठी बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। बाएं हाथ के बल्लेबाज यश राठौड़ ने दूसरी पारी में अर्धशतक जड़ा जिससे पिछले साल की उपविजेता टीम ने सोमवार को यहां रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु के खिलाफ कुल 297 रन की बढ़त हासिल करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली। साई किशोर की टीम 64.3 ओवर में 225 रन पर सिमट गई। विदर्भ को पहली पारी के आधार पर 128 रन की बड़ी बढ़त मिली। मौजूदा सत्र में अब तक अजेय विदर्भ ने तीसरे दिन खराब शुरुआत से उबरते हुए दूसरी पारी में पांच विकेट पर 169 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त को 297 रन तक पहुंचाया।

### 14 पारी के बाद फिफ्टी

सूर्य कुमार ने इस तरह से सभी तरह की क्रिकेट में 14 पारियों के बाद अर्धशतक लगाया। इससे पहले पिछली 10 पारियों में उनका उच्चतम स्कोर 20 रन था। उन्होंने अनुज ठकराल की गेंद को हुक करके मिडऑन पर कैच थमाया।

### गुजरात 511 रन का विशाल स्कोर

**राजकोट।** जयमीत पटेल ने सुबह अपना शतक पूरा किया लेकिन वह विकेटकीपर बल्लेबाज उर्विल पटेल थे, जिन्होंने 140 रन की शानदार पारी खेलकर गुजरात को सौराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच के तीसरे दिन सोमवार को यहां पहली पारी में बड़ी बढ़त दिलाई। सौराष्ट्र को 216 रन पर आउट करने के बाद गुजरात ने अपनी पहली पारी में 511 रन का विशाल स्कोर बनाकर 295 रन की मजबूत बढ़त हासिल की। सौराष्ट्र ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 33 रन बनाए थे और इस तरह से वह अभी गुजरात से 262 रन पीछे है।

### कप्तान डोगरा 73 रन पर नाबाद

**पुणे।** कप्तान पारस डोगरा के नाबाद अर्धशतक से जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन सोमवार को यहां केरल के खिलाफ दूसरी पारी में तीन विकेट पर 180 रन बनाकर 179 रन की बढ़त हासिल की। डोगरा 73 रन बनाकर खेल रहे हैं। कन्हैया वधावन 42 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। दोनों चौथे विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी कर चुके हैं। केरल ने इससे पहले दिन की शुरुआत नौ विकेट पर 200 रन से की और टीम इस समय जम्मू-कश्मीर के पहली पारी के स्कोर से 80 रन पीछे थी। जम्मू-कश्मीर को पहली पारी में बढ़त बनाने की उम्मीद थी लेकिन सलमान निजारा ने 172 गेंद में नाबाद 112 रन की पारी खेलकर केरल को 281 रन तक पहुंचाकर उसे एक रन की बढ़त दिला दी।

## एनसीए की तीन सदस्यीय टीम कर रही है बुमराह की फिटनेस पर काम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन शुरू कर दिया है लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मैच फिट होने के लिए, उनके पास अधिक समय नहीं है।

बुमराह पांच हफ्ते ही 'ऑफ-लोडिंग' पूरी कर चुके हैं जिसके तहत खिलाड़ी को पूरी तरह से आराम करने की सलाह दी जाती है। इस दौरान खिलाड़ी जिम भी नहीं जाता। भारतीय क्रिकेट बोर्ड एनसीए से आने वाली सूचनाओं को सार्वजनिक नहीं होने दे रहा और उत्कृष्टता केंद्र तथा भारतीय क्रिकेट टीम से जुड़े चार-पांच लोगों को छोड़कर किसी और के पास इस तेज गेंदबाज की नवीनतम फिटनेस स्थिति के बारे में सटीक जानकारी नहीं है। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, 'स्ट्रेंथ एवं अनुकूलन कोच रजनीकांत शिवगनम और फिजियो तुलसी राम युवराज खेल विज्ञान प्रमुख डॉ. नितिन पटेल के साथ बुमराह के रिहैबिलिटेशन पर काम कर रहे हैं। पटेल व्यक्तिगत रूप से पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं।'

### आईएसएसएफ अकादमी ने सिमोन से की साझेदारी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ अकादमी ने अपने शिक्षा कार्यक्रमों को बेहतर बनाने और देश में कोचिंग मानकों को ऊंचा करने के लिए भारत के पूर्व निशानेबाज शिमोन शरीफ के साथ साझेदारी की है। आईएसएसएफ विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले दिल्ली के पहले राइफल निशानेबाज शरीफ को आईएसएसएफ अकादमी से एक पत्र मिला है जिसमें उसने भारत में निशानेबाजी कोचिंग अकादमी चलाने वाले इस राइफलमैन के साथ अपने जुड़ाव की पुष्टि की है। पत्र में कहा गया है, 'इस साझेदारी से हमारा लक्ष्य आईएसएसएफ अकादमी के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त कोचिंग कार्यक्रमों को बढ़ावा देना है।

**38वां राष्ट्रीय खेल**

**पोल वॉल्ट में 5 .32 मीटर कूद बनाया राष्ट्रीय रिकॉर्ड**

## देव ने पोल वॉल्ट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण

एजेंसी ▸▸ देहरादून

मध्य प्रदेश के देव कुमार मीना ने सोमवार को यहां पुरुष पोल वॉल्ट में 5.32 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन आठ स्वर्ण पदक दांव पर लगे थे जिसमें से पंजाब ने तीन जीते जबकि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, सेना, तमिलनाडु और मेजबान उत्तराखंड के खाते में एक-एक स्वर्ण पदक आया।

उन्नीस साल के देव ने 2023 के अपने खिताब का बचाव करते हुए स्वर्ण पदक जीता और एस शिवा के 5.31 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड में भी सुधार किया जो उन्होंने गुजरात में 2022 राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाया था। इससे पहले देव का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5.20 मीटर था जो उन्होंने पिछले साल पटना में इंडिया ओपन अंडर-23 प्रतियोगिता जीतने के दौरान बनाया था।




### अनुष्का बनीं तार गोला फेंक चैंपियन

उत्तर प्रदेश की अनुष्का यादव ने महिला तार गोला फेंक में खेलों के रिकॉर्ड 62.89 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले राष्ट्रीय खेलों का रिकॉर्ड उत्तर प्रदेश की तान्या चौधरी के नाम था जिन्होंने 62.47 मीटर के प्रयास से 2023 राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। सोमवार को तान्या 59.74 मीटर के प्रयास से दूसरे स्थान पर रहीं जबकि उत्तर प्रदेश की ही नंदिनी ने 58.89 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता।

### गुकेश हारकर फ्रीस्टाइल ग्रैंडस्लैम शतरंज से बाहर

**हैम्बर्ग।** विश्व चैंपियन डी गुकेश सोमवार को यहां क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के फाबियानो करुआना के खिलाफ लगातार दूसरी बाजी गंवाकर फ्रीस्टाइल ग्रैंडस्लैम शतरंज टूर्नामेंट से बाहर हो गए। सफेद मोहरों से खेलते हुए पहली बाजी गंवाने के बाद गुकेश करो या मरो के मुकाबले में भी करुआना के खिलाफ नहीं टिक पाए और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर ने सिर्फ 18 चाल में जीत दर्ज की। गुकेश अब आखिरी चार स्थान के लिए चुनौती पेश करेंगे। फ्रीस्टाइल शतरंज में प्यादे अपनी जगह पर बरकरार रहते हैं जबकि बाकी मोहरों की स्थिति को 960 तरीके से बदला जा सकता है। महान खिलाड़ी बॉबी फिशर फ्रीस्टाइल शतरंज की वकालत करने वाले पहले व्यक्ति थे।

### रुद्रांक्ष, सिफत ने जीता लगातार दूसरा ट्रायल

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के रुद्रांक्ष पाटिल और पंजाब की सिफत कौर सामरा ने सोमवार को यहां ग्रुप ए निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल में क्रमशः पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल और महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस टी2 मुकाबलों में जीत हासिल की। इन दोनों शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजों ने रविवार को डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में टी1 ट्रायल भी जीते थे। पुरुष एयर राइफल विश्व चैंपियन 2022 रुद्रांक्ष ने फाइनल में 253.3 अंक के साथ आसान जीत दर्ज की जबकि सिफत पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए 469.8 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं जो उनके मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.2 अंक अधिक है।

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
दुर्ग शाखा, प्रथम तल, इंदिरा मार्केट, दुर्ग (छ.ग.), फोन- 0788-4017877/2327877, ई-मेल-durg.raipur@bankofindia.co.in

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

जबकि

*सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत*

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया का प्राधिकृत, दुर्ग शाखा, अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लेखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (18) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है। ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय बैंक ऑफ इंडिया, दुर्ग शाखा के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| उधारकर्ता / जमानतदार | संपत्ति का विवरण | मांग पत्र दिनांक | देय राशि |
|---|---|---|---|
| मेसर्स-गिरीश बिल्डर्स प्रो. श्री लोमश कुमार देवांगन | (1) स्टॉक और बही ऋण का दृष्टिबंधन। (हमारे द्वारा वित्तपोषित) (2) आवासीय संपत्ति का साम्यिक बंधन जिसका खसरा नं. 1306/132, मकान नं. 16, वार्ड नं. 11, शंकर नगर, दुर्ग, छ.ग., क्षेत्रफल-400 वर्गफुट जो की श्री लोमश कुमार देवांगन के नाम पर है। चौहद्दी:-पूर्व-15 फीट रोड, पश्चिम-5 फीट गली, उत्तर- अशोक देवांगन का मकान, दक्षिण - ए.एम. राव की भूमि. | दिनांक 23.12.2022 कब्जा दिनांक 05.02.2025 | 22,33,428.31/- (बाईस लाख तैंतीस हजार चार सौ अट्ठाईस रुपये एवं इकतीस पैसे) + ब्याज + अन्य खर्च |

दिनांक : 11.02.2025, स्थान : दुर्ग

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया

### एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिपः मालविका को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

# सिंधू के बिना आसान नहीं होगी भारत की राह

एजेंसी ▸▸ किंगदाओ

ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पीवी सिंधू के चोटिल हो जाने से भारत की मंगलवार से यहां शुरू होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने की राह काफी मुश्किल हो गई है। भारत ने दो साल पहले दुबई में खेली गई प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था और उसमें सिंधू ने अहम भूमिका निभाई थी। उनके बाहर होने से भारत को करारा झटका लगा है।

सिंधू गुवाहाटी में अभ्यास शिविर के दौरान चोटिल हो गई थी जिस कारण उन्हें अंतिम समय में टूर्नामेंट से हटना पड़ा। उनकी अनुपस्थिति में विश्व रैंकिंग में 29वें नंबर के खिलाड़ी मालविका बांसोड़ को महिला एकल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।



भारत को प्रतियोगिता में ग्रुप डी में रखा गया है जहां उसका पहला मुकाबला बुधवार को मकाउ से होगा। भारतीय टीम को इसके बाद गुरुवार को दक्षिण कोरिया की मजबूत टीम का सामना करना होगा।

प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। भारत को क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए लेकिन इसके बाद आगे बढ़ने के लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### अब तक स्वर्ण का सूखा

भारत एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में अभी तक स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया है लेकिन उसने 2018 और 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में मिश्रित टीम प्रतियोगिता में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता था। भारत ने हाल के दिनों में टीम प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसने 2022 में थॉमस कप में स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा उसने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में रजत और पिछले एशियाई खेलों में पुरुष वर्ग की टीम प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया था।

### सभी अनुभवी खिलाड़ी

इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अधिकतर खिलाड़ी वर्तमान टीम का हिस्सा भी हैं। इन खिलाड़ियों में एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, अश्विनी पोनप्पा, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शामिल हैं। भारत को पुरुष एकल और पुरुष युगल में काफी उम्मीदें हैं। इनके अलावा महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली से भी काफी उम्मीद की जा रही है क्योंकि उन्होंने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया है।



प्रयागराज में गंगा, युमना और सरस्वती नदी के संगम तट पर दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक मेला महाकुंभ चल रहा है। महाकुंभ में नागा साधु सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र हैं। सनातन धर्म में नागा साधुओं को धर्म का रक्षक माना जाता है। नागा साधुओं को 12 वर्षों की कठोर तपस्या करनी पड़ती है।

# नागा साधुओं के शव को नहीं जलाया जाता है, जानिए आखिर कैसे किया जाता है अंतिम संस्कार

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

नागा साधु भगवान शिव के वैरागी स्वरूप की पूजा करते हैं। महाकुंभ में देशभर से नागा साधु पहुचे हैं, जो लोगों के लिए सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र हैं। नागा साधु, बिना कपड़े के, शरीर पर भस्म और लंबी जटाओं की वजह से भीड़ में सबसे अलग नजर आते हैं। आज हम अपनी इस खबर में बताएंगे कि नागा साधुओ का अंतिम संस्कार कैसे किया जाता है?

## जीवित रहते ही कर देते हैं पिंडदान

नागा साधु जिंदा रहते ही खुद अपना पिंडदान और अंतिम संस्कार कर देते हैं। ऐसे में उनके अंतिम संस्कार को लेकर भी कई सवाल किए जाते हैं। हिन्दू धर्म में जन्म से लेकर मृत्यु तक संस्कारों का पालन होता है, जिनमें अंतिम संस्कार भी प्रमुख है। आम लोगों की अंत्येष्टि दाह संस्कार करके होती है, लेकिन नागा साधु का अंत कैसे होता है।



## दी जाती है समाधि

नागा साधुओं का दाह संस्कार नहीं किया जाता है। हालांकि, उनकी मृत्यु के बाद नागा साधु की समाधि लगाई जाती है। वह चाहे भू-समाधि हो या फिर जल समाधि हो। उनका दाह संस्कार नहीं किया जाता। नागा की चिता को आग नहीं दी जाती है, क्योंकि नागा साधु पहले ही अपने जीवन को नष्ट कर चुका होता है और पिंडदान कर चुका होता है। इसके बाद ही वह नागा साधु बनता है।



## ऐसे दी जाती है अंतिम विदाई

नागा साधु को समाधि देने से पहले स्नान कराया जाता है। इसके बाद मंत्रोच्चारण किया जाता है और उन्हें समाधि दी जाती है। नागा साधु की मृत्यु होने पर उनके शव पर भस्म लगाई जाती है। इसके बाद भगवा रंग का वस्त्र उनके पर डाला जाता है। समाधि बनाने के बाद उस जगह पर सनातन निशान बनाया जाता है ताकि लोग उस जगह को गंदा न करें। नागा साधु को पूरे मान-सम्मान के साथ विदा किया जाता है।

## नागा साधु बनने के लिए करती होती है कठिन तपस्या

नागा साधु बनने के लिए 12 वर्ष कठिन तपस्या करनी पड़ती है। नागा साधुओं का जीवन बेहद ही जटिल होता है। बताया जाता है कि किसी भी इंसान को नागा साधु बनने में 12 साल का लंबा समय लगता है। नागा साधु बनने के बाद वह गांव या शहर की भीड़भाड़ भरी जिंदगी को त्याग देते हैं और रहने के लिए पहाड़ों पर जंगलों में चले जाते हैं। उनका ठिकाना उस जगह पर होता है, जहां कोई भी न आता जाता हो। अखाड़ों में नागा साधु को अनुशासन और संगठित जीवन जीने की शिक्षा दी जाती है।

# 15000 में किराए पर मिलती हैं बीवियां, वह भी भारत में



**नई दिल्ली।** थाईलैंड में हाल ही में रेंटल वाइफ यानी किराए की पत्नी का चलन बढ़ रहा है। वहां आने वाले पर्यटकों के लिए युवा महिलाएं किराए की पत्नी बन रही हैं। लेकिन, चौंकाने वाली बात यह है कि यह प्रथा कई सालों से भारत में भी चल रही है। यह अमानवीय प्रथा मध्य प्रदेश राज्य में हो रही है। राज्य के शिवपुरी जिले के गांवों में यह विचित्र प्रथा कई सालों से चल रही है। 'धड़ीचा' के नाम से जानी जाने वाली इस प्रथा में महिलाएं एक महीने से लेकर एक साल तक के लिए पुरुषों को किराए पर पत्नी के रूप में दी जाती हैं। इस धड़ीचा प्रथा के तहत साल में एक बार परिवार की युवा महिलाएं और पत्नियां बाजार में किराए पर दी जाती हैं। यह प्रथा कई दशकों से चल रही है, जिसमें गांव के अमीर पुरुष, जिन्हें शादी के लिए महिलाएं नहीं मिलतीं, नीलामी में किराए की पत्नियां खरीदते हैं।

## यौन शोषण का शिकार हो रहीं महिलाएं

हालांकि कहा जाता है कि लिंग अनुपात, गरीबी और दहेज प्रथा के कारण किराए की पत्नी की प्रथा अपनाई जाती है, लेकिन इस अमानवीय प्रथा के कारण महिलाएं यौन शोषण का शिकार हो रही हैं, यह एक डरावनी सच्चाई है। 14 साल की उम्र में 80,000 रुपए में किराए की पत्नी के रूप में नीलाम की गई एक लड़की ने बताया कि उसे उसके साथी और उसके परिवार के पुरुषों द्वारा यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। इसी तरह, कई महिलाओं ने इस किराए की पत्नी की प्रथा के कारण हुए दुखों को साझा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, मध्य प्रदेश पुलिस को इस प्रथा के बारे में पता होने के बावजूद, कोई शिकायत दर्ज नहीं कराता, इसलिए इसे कानूनी रूप से रोकना संभव नहीं हो पा रहा है।

# 45 करोड़ सूर्य को अकेले निगल सकता है ये ब्लैक होल



**वॉशिंगटन।** हमारा ब्रह्मांड जब 1.2 अरब वर्ष पुराना था, तब जुड़वा-पालि वाला जेट अविश्वसनीय रूप से कम से कम 2 लाख प्रकाश वर्ष तक फैला हुआ था जो इसे आकाशगंगा की चौड़ाई से दोगुना लंबा बनाता है। शोधकर्ता एनीक ग्लैडेमैन्स ने एक बयान में कहा, 'दिलचस्प बात यह है कि इस विशाल रेडियो जेट को शक्ति देने वाले क्वासर में अन्य क्वासरों की तुलना में अत्यधिक ब्लैक होल द्रव्यमान नहीं है। माना जाता है की सभी बड़ी आकाशगंगाओं में एक केन्द्रीय विशालकाय ब्लैक होल होता है, जिसका द्रव्यमान कई लाख सूर्यों से भी बड़ा होता है। लेकिन, बावजूद इसके ये सभी ब्रह्मांडीय टाइटन क्वासर को शक्ति प्रदान करने की क्षमता नहीं रखते हैं।

**टॉप 10 में ये हैं शामिल**

# साइंस ने खोज निकाली दुनिया की सबसे खूबसूरत महिला

एजेंसी ▶▶| लंदन

क्या आपके मन में खूबसूरती को लेकर कभी ये सवाल आया है।. क्या खूबसूरती का कोई वैज्ञानिक पैमाना होता है? तो आपको बता दें कि इसका जवाब हां है। साइंस ने इसका जवाब ढूंढ लिया है। प्राचीन ग्रीक गणना गोल्डन रेशियो (1.618 - फाई) को सुंदरता का मापदंड मानती है। इसी सिद्धांत के आधार पर कंप्यूटर मैपिंग तकनीक से दुनिया की 10 सबसे खूबसूरत महिलाओं की लिस्ट तैयार की गई है। इस लिस्ट को लंदन के मशहूर कॉस्मेटिक सर्जन डॉ. जूलियन डी सिल्वा ने तैयार किया। उन्होंने 1980 के दशक से लेकर आज तक की सबसे फेमस सुपरमॉडल्स की सुंदरता को परखा। खास बात यह है कि इन सभी मॉडलों को उनके करियर के पीक पर जांचा गया। जिससे इस विश्लेषण के रिजल्ट को सटीक भी माना जा रहा।

## 1. केट मॉस - 94.14%



इस लिस्ट में नंबर एक पर ब्रिटिश सुपरमॉडल केट मॉस हैं। उनके चेहरे के हर हिस्से को गोल्डन रेशियो के तहत परखा गया। उनका स्कोर 94.14% आया। डॉ. जूलियन डी सिल्वा के अनुसार, केट मॉस ब्रिटिश फैशन इंडस्ट्री की पहचान रही हैं। 1993 में उनके पहले वोग कवर के बाद वे ग्लोबल सेंसेशन बन गईं।

## 2. सिंडी क्रॉफर्ड - 93.87%



इस लिस्ट में अमेरिकन सुपरमॉडल सिंडी क्रॉफर्ड 93.87% स्कोर के साथ दूसरे नंबर पर हैं। 1980 के दशक से लेकर 90 के दशक तक वे सुपरमॉडल इंडस्ट्री का बड़ा नाम रहीं। अगर उनके होंठ और आइब्रो के स्कोर बेहतर होते तो वे पहले नंबर पर होतीं। हाई स्कोर: ठोड़ी (99.6%), आंखों की पोजिशन (99.4%), माथा (98.6%) कम स्कोर: होंठ (84%), आइब्रो (86.2%)।

## 3. गिजेल बुंडचेन - 93.11%




ब्राजीलियन सुपरमॉडल गिजेल बुंडचेन 93.11% स्कोर के साथ तीसरे नंबर पर हैं। गिजेल 2000 के दशक की सबसे चर्चित सुपरमॉडल थीं और विक्टोरिया सीक्रेट की प्रमुख चेहरे में शामिल थीं। हाई स्कोर: नाक और होंठ के बीच की दूरी (99.4%), चेहरे की बनावट (97.9%) कम स्कोर: होंठ (89%)।

## 4. जॉर्डन डन - 91.39%

ब्रिटिश मॉडल जॉर्डन डन वर्तमान दौर की सबसे खूबसूरत सुपरमॉडल मानी गईं, जिनका स्कोर 91.39% है। डॉ. डी सिल्वा के अनुसार वे नई जेनरेशन की सबसे बेहतरीन मॉडल हैं।



## 5. विनी हार्लो - 91.03%



विनी हार्लो विटिलिगो नाम के स्किन डिजीज से प्रभावित हैं। फिर भी साइंस के अनुसार 91.03% के स्कोर के साथ पांचवें नंबर पर हैं। उनकी यह उपलब्धि बताती है कि सुंदरता सिर्फ पारंपरिक मानकों तक सीमित नहीं होती।

## 6. केंडल जेनर - 91.0%



सबसे ज्यादा कमाने वाली सुपरमॉडल केंडल जेनर 91% के स्कोर के साथ छठे नंबर पर हैं। फोर्ब्स के मुताबिक केंडल दुनिया की सबसे अधिक कमाई करने वाली मॉडल हैं। हाई स्कोर: जवाइन (96.4%), आंखों की पोजिशन (97.5%) कम स्कोर: ठोड़ी (88%), चेहरे की बनावट (87.1%)।

## 7. लियू वेन - 90.98%


चीन की सुपरमॉडल लियू वेन इस लिस्ट में 90.98% स्कोर के साथ 7वें नंबर पर हैं। वे पहली चीनी सुपरमॉडल हैं जिन्होंने विक्टोरिया सीक्रेट फैशन शो में भाग लिया। हाई स्कोर: नाक (94.9%), आंखों की पोजिशन (95.1%), ठोड़ी (96.3%) कम स्कोर: आइब्रो (82.4%)।

## 8. कारा डेलवीन - 89.97%



ब्रिटिश सुपरमॉडल कारा डेलवीन 89.97% के स्कोर के साथ 8वें नंबर पर हैं। उन्होंने मॉडलिंग के साथ-साथ हॉलीवुड में भी अपनी पहचान बनाई है। हाई स्कोर: होंठ (98.5%), आइब्रो (94%) कम स्कोर: जालाइन (86%), ठोड़ी (83.6%)।

## 9. एमिली राताजकोवस्की - 89.37%



अमेरिकन मॉडल और एक्ट्रेस एमिली राताजकोवस्की 89.37% के स्कोर के साथ 9वें नंबर पर रहीं. उनकी नाक लगभग परफेक्ट मानी गई है। लेकिन जालाइन और आइब्रो के स्कोर ने उन्हें पीछे कर दिया। हाई स्कोर: नाक (99.56%), होंठ (98.17%) कम स्कोर: आइब्रो (79%), जालाइन (76.8%)।

## 10. नाओमी कैंपबेल - 89.26%



90 के दशक की सबसे बड़ी सुपरमॉडल्स में से एक नाओमी कैंपबेल 89.26% के स्कोर के साथ इस लिस्ट में 10वें स्थान पर हैं। 30 साल बाद भी वे ग्लैमर इंडस्ट्री की एक जानीमानी शख्सियत बनी हुई हैं।

# सुनीता विलियम्स, बुच विल्मोर की वापसी में अब बचे गिनती के दिन

**वॉशिंगटन।** सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जल्दी ही धरती पर लौट सकते हैं। आठ महीने से ज्यादा का समय इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर बिता चुके दोनों अंतरिक्ष यात्रियों के बारे में अमेरिकी एजेंसी नासा ने जानकारी दी है। नासा की ओर से कहा गया है कि सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर 19 मार्च को वापस लौटेंगे। इससे पहले अप्रैल की शुरुआत में उनकी वापसी की बात कही गई थी। अब पूर्व निर्धारित इस तारीख से दो सप्ताह पहले ही उनकी वापसी हो सकती है। सुनीता और बुच अगर 19 मार्च को लौटते हैं तो वह अंतरिक्ष में कुल 286 दिन बिताएंगे।



## क्रू-10 से वापस आएंगी सुनीता

नासा के नियमों के अनुसार क्रू-9 को ISS पर तब तक रुकना होगा जब तक क्रू-10 नहीं पहुंच जाता है। इससे नई टीम को कामकाज समझने में मदद मिलती है और काम बिना रुकावट के चलता रहता है। क्रू-10 के लिए नए ड्रेगन कैप्सूल का इस्तेमाल करके नासा जल्दी उसका लॉन्च करना चाहता है। इससे विलियम्स और विल्मोर तय समय से पहले धरती पर लौट सकेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स से दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाने की अपील की थी।

**5 जून को गए थे सुनीता और बुच :** सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 5 जून, 2024 को स्टारलाइनर क्रू फ्लाइट टेस्ट के तहत अंतरिक्ष में गए थे। यह स्टारलाइनर का पहला मानव मिशन था लेकिन प्रोपल्शन सिस्टम की समस्याओं और हीलियम लीक के कारण उनकी वापसी कई बार टाली जा चुकी है।
















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com